नई दिल्ली, शनिवार
24 मई 2025

# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 85 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

## सीएम योगी बोले: पाकिस्तान बहुत जी चुका...

## अब इसका समय आ गया है, हमारी सेना ने 24 के बदले 124 आतंकवादियों को मारा

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलेगी। ये बहुत जी चुका है। अब इसके खत्म होने का समय आ गया है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नया भारत है जो किसी को छेड़ता नहीं और अगर कोई छेड़ता है तो उसको छोड़ता नहीं हैं। यही काम तो हनुमान जी ने भी किया था। जब हनुमान जी लंका में रावण के सामने पेश किए गए तो रावण ने उनसे यही पूछा था कि तुमने मेरे बेटे (अक्षय कुमार) को क्यों मारा? तब हनुमान जी ने जवाब दिया था कि मैंने नहीं मारा। मैंने तो बस जवाब दिया और वो मर गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यही काम भारतीय सेनाओं ने किया। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया बल्कि आतंकवाद की कायराना हरकतों का जवाब दिया। आतंकवादियों ने 24 निर्दोष भारतीय नागरिकों को मारा तो भारत की सेनाओं ने 124 आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

शेष पेज 2 पर

## भारत एफएटीएफ के सामने पाकिस्तान को फिर ग्रे सूची में डालने के लिए मजबूती से मामला रखेगा

नई दिल्ली । 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत का मानना है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से उत्पन्न आतंकवाद पर कार्रवाई करने में विफल रहा है और वह बहुपक्षीय एजेंसियों से प्राप्त धनराशि को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में लगा रहा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।



भारत एफएटीएफ के समक्ष पाकिस्तान को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण उसे अपनी "ग्रे सूची" में वापस लाने के लिए मजबूत मामला रखेगा। एक सरकारी सूत्र यह जानकारी दी है।

जब सूत्र से पूछा गया कि क्या भारत वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के समक्ष पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखने का मामला रखेगा, तो उन्होंने कहा, "हम इस मुद्दे को (एफएटीएफ के समक्ष) उठाएंगे।"


22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत का मानना है कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से उत्पन्न आतंकवाद पर कार्रवाई करने में विफल रहा है और वह बहुपक्षीय एजेंसियों से प्राप्त धनराशि को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में लगा रहा है।

जो देश धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और प्रसार वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए अपने शासन में रणनीतिक कमियों को दूर करने में विफल रहते हैं, और जिन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे सूची में रखा जाता है।

जब एफएटीएफ किसी क्षेत्र को को बढ़ी हुई निगरानी के अधीन रखता है, ...

शेष पेज 2 पर

## जहां उतरने वाला था भारतीय डेलीगेशन का विमान, उससे पहले ही मॉस्को एयरपोर्ट पर हुआ ड्रोन अटैक



नई दिल्ली। भारत की ओर से जो डेलीगेशन रूस गया है, उसमें डीएमके सांसद कनिमोझी, समाजवादी पार्टी सांसद राजीव राय, आरजेडी सांसद प्रेम चंद गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौकट, आम आदमी पार्टी के अशोक कुमार मित्तल, एनसीपी के जावेद अशरफ और पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी शामिल हैं।

पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद के खिलाफ भारत ने अपनी ग्लोबल आउटरीच की शुरूआत कर दी है। इसी तरह भारत के सांसदों का एक डेलीगेशन रूस के लिए रवाना हुआ। लेकिन बताया जा रहा है कि भारत के सांसदों का ये डेलीगेशन मॉस्को में ड्रोन अटैक की चपेट में आते आते बच गया। इस विमान में डीएमके सांसद कनिमोझी सवार थी। ड्रोन अटैक की वजह से कई घंटे तक ये विमान मॉस्को एयरपोर्ट पर चक्कर लगाता रहा। कई घंटे की देरी के बाद और सुरक्षा स्थिति के आंकलन के बाद आखिरकार ये विमान मॉस्को एयरपोर्ट पर उतरा। ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के देशों को भारत का रुख बताने के लिए हिंदुस्तान की ओर से छह डेलीगेशन अलग अलग देश गए हैं। भारत की ओर से जो डेलीगेशन रूस गया है, उसमें डीएमके सांसद कनिमोझी, समाजवादी पार्टी सांसद राजीव राय, आरजेडी सांसद प्रेम चंद गुप्ता, कैप्टन बृजेश चौकट, आम आदमी पार्टी के अशोक कुमार मित्तल, एनसीपी के जावेद अशरफ और पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी शामिल हैं।

कनिमोझी के साथ आई टीम ने बताया कि सुरक्षा स्थिति के कारण विमान काफी देर तक हवा में चक्कर लगाता रहा। आखिरकार कई घंटों की देरी के बाद विमान मॉस्को एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गया। घटना के बाद रूस में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और होटल तक उनकी सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की।

शेष पेज 2 पर

## बीएसएफ के अलंकरण समारोह में बोले अमित शाह, 100 KM घुसकर पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाया



किस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला। 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। राष्ट्रीय राजधानी में 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दशकों से देश आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला।

शेष पेज 2 पर

### राहुल ने फिर जयशंकर से पूछे सवाल, कहा-

## धराशायी हुई विदेश नीति बीजेपी ने किया पलटवार

नई दिल्ली ।: राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर निशाना साधा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल पहले भी जयशंकर पर सवाल उठा चुके हैं। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने पहले राहुल के सवालों को तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण बता चुका है।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कड़े सवाल किए। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, क्या जेजे बताएंगे- भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ दिया गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया? ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा? भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है।' जवाब में भाजपा ने राहुल को निशान-ए-पाकिस्तान बताया। पार्टी ने कहा कि राहुल भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें और चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करके देश की सुरक्षा को खतरे में डालना बंद करें।

**यहां से शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर**

राहुल ने 17 मई को 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया। इसमें जयशंकर का बयान था। राहुल ने लिखा, 'हमारे हमले की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। 1. इसे किसने अधिकृत किया? 2. इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?'

शेष पेज 2 पर

## 'कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती', शीर्ष अदालत का फैसला



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

शेष पेज 2 पर

## फिर 199 के फेर में फंसी विधानसभा, भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त



जयपुर। भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त कर दी गई है। मीणा की बर्खास्तगी को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आज राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में याचिका लगाई थी, जिस पर अगले बुधवार को सुनवाई होनी थी।

राजस्थान विधानसभा एक बार फिर से 199 के फेर में फंस गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त कर दी। मीणा की सदस्यता समाप्त होने के साथ ही विधानसभा के सदस्यों की संख्या 200 से घटकर 199 हो गई है। एक आपराधिक मामले में मीणा को हाईकोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मीणा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 7 मई को इस याचिका को खारिज करते हुए कंवरलाल मीणा को कोर्ट में सरेंडर करने के आदेश दे दिए थे।

शेष पेज 2 पर

## 'भारतीय सेना की वीरता को कम करके न आंकें...'

### भाजपा का कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार

नई दिल्ली। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर को लेकर गैरजिम्मेदाराना बयान देकर सेना की बहादुरी को कमतर करके आंक रहे हैं और दे की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करके भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी को कमतर करके आंकना और देश की सुरक्षा को खतरे में न डालें।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'निशान-ए-पाकिस्तान' बताते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तान कांग्रेस नेता के बयान का इस्तेमाल भारत को बदनाम करने के लिए के लिए कर रहा है। भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, आपको तय करना होगा कि आप किसके पक्ष में हैं।

शेष पेज 2 पर

बायसरन | 22 अप्रैल की दहशत नहीं भूले लोग:

## पहलगाम तक पहुंचे पर्यटक, पर बायसरन नहीं देख पाने का मलाल लिए लौट रहे सैलानी

श्रीनगर। 22 अप्रैल को पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले के बाद इलाके में सुरक्षा कारणों से अब भी पाबंदियां जारी हैं, जिससे पर्यटक मिनी स्विट्जरलैंड न देख पाने की टीस लिए लौट रहे हैं।




मिनी स्विट्जरलैंड का जिक्र आते ही कुछ वक्त पहले सिर्फ बायसरन की खूबसूरती पर बात होती थी। बदकिस्मती से इस खूबसूरती को किसी की नजर लग गई। इस स्थान का जिक्र आते ही बस आंखों के सामने आती है 22 अप्रैल की वो दोपहर और निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या।

दौड़ते-भागते लोग और चारों तरफ बिखरा खून। ये स्मृतियां एक बार फिर मई की 22 तारीख को ताजा हो उठीं। जब हम उस रास्तों पर पहुंचने को हुए तो यूं लगा कि बायसरन की हद शुरू होने से चार किमी पहले तक पसरा सन्नाटा उस पल के खौफ और दहशतगर्दी की दास्तां सुना रहा है।

**हमले को एक माह बीता, बायसरन अब भी खामोश-** बायसरन हमले के एक माह पूरा होने पर हमने ग्राउंड जीरो से जानना चाहा कि पहलगाम और बायसरन कितना उबर पाया उस दहशत से। बहुत कुछ बदल गया है। रौनक अब नहीं रही। हां, यहां के लोगों में एक उम्मीद जिंदा है कि वीरानी जाएगी और चहल-पहल लौटेगी।

हम गुरुवार की दोपहर में पहलगाम के सर्किट हाउस वाली रोड पर थे। इससे कुछ दूर आगे से बायसरन का रास्ता शुरू होता है। हमें यहीं रुकना था, क्योंकि कुछ किलोमीटर आगे तारबंदी थी। बायसरन से चार किलोमीटर पहले सुरक्षाबलों के जवान उस स्थान पर पहरा दे रहे हैं।

आगे जाने से रोकने के लिए सड़क पर कंटीली तार भी बिछाई गई है।सुरक्षा सूत्रों का कहना है कि हमले के तुरंत बाद इसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अपने हाथों में लेने के बाद से सबूतों को तलाशने और जांच प्रक्रिया के तौर पर इलाके को सील किया गया था। साथ ही सुरक्षा कारणों के चलते कई अन्य पर्यटन स्थलों को भी बंद रखा गया है।

शेष पेज 2 पर

### क्या हुआ था उस दिन

22 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 2:30 बजे शांतिपूर्ण दोपहर का आनंद ले रहे पर्यटकों पर आतंकी हमला।

26 निहत्थे लोगों को आतंकवादियों ने मार डाला था, इसमें स्थानीय घोड़ेवाला सईद आदिल हुसैन भी शामिल थे।

पहलगाम के दोषियों पर 20-20 लाख का इनाम घोषित किया गया है।

आतंकियों के पास एम4 कार्बाइन और एके47 सीरीज के हथियार थे और उन्होंने सैन्य शैली की वर्दी पहनी हुई थी।

# दिल्ली में मिले 23 कोरोना संक्रमितः सरकार ने जारी की एडवाइजरी

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 की मौजूदा स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। दिल्ली में गुरुवार तक कोविड के 23 मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसको लेकर सभी अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर सहित दूसरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इसमें अस्पताल परिसर में मास्क पहनने का परामर्श दिया गया है।

**दिल्ली में कोविड के 23 मामलों की हुई पुष्टि**

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 की मौजूदा स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। दिल्ली में गुरुवार तक कोविड के 23 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। सरकार कोविड के वर्तमान पुष्ट मामलों के सत्यापन की प्रक्रिया में जुटी है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह मरीज दिल्ली के हैं या बाहर से यात्रा कर आए हैं। बता दें कि एनसीआर में अब तक नौ संक्रमितों की जानकारी सामने आ चुकी है। इसमें गाजियाबाद में चार, गुरुग्राम में तीन और फरीदाबाद में दो संक्रमित हैं।

**अस्पतालों को किया अलर्ट**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। दिल्ली के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों, डॉक्टरों और उनकी टीम के साथ समन्वय किया है। अस्पताल और स्वास्थ्य सुविधाओं को अलर्ट पर रखा गया है।

**लोग स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशा-निर्देशों का करें पालन-** स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है। लोगों को समय-समय पर सूचना देते रहेंगे। लोगों से अपील है कि वह सभी स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशा निर्देशों का पालन और अधिकारियों का सहयोग करें। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की तैयारियों के संबंध में दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को एक एडवाइजरी जारी की है।

ठफमें मिले अब तक नौ संक्रमित

दिल्ली से सटे गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोरोना के नौ मरीज मिले चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम में तीन और फरीदाबाद में दो और गाजियाबाद में चार नए कोरोना के मरीजों की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से करें प्रशिक्षित

एडवाइजरी के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से कोविड-19 से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और वैक्सीन की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। अस्पताल में वेंटिलेटर, बाई-पैप, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीएसए आदि सभी उपकरण कार्यात्मक स्थिति में हो। मामलों को रोजाना करना होगा रिपोर्ट

अस्पतालों को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं (ओपीडी/आईपीडी) में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों को रोजाना आधार पर रिपोर्ट करना होगा। एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म पोर्टल पर अपडेट करेंगे। इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 मामलों को भी अस्पताल एल फॉर्म के तहत आईएचआईपी पर रिपोर्ट करेंगे। दिल्ली राज्य स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन पोर्टल पर रोजाना ब्योरा देना होगा।

एडवाइजरी के मुताबिक कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्याप्त जांच करनी होगी। कम से कम पांच फीसदी आईएलआई (इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी) के मामलों और सौ फीसदी जांच एसएआरआई (तीव्र श्वसन संक्रमण) के मामलों में जांच करनी होगी। लोकनायक अस्पताल में सभी पॉजिटिव कोविड-19 के सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा जिससे नए वेरिएंट के बारे में पता लगाया जा सकें।

**पहनना होगा मास्क**

एडवाइजरी में अस्पताल परिसर/स्वास्थ्य सुविधाओं में मास्क पहनने सहित श्वसन शिष्टाचार का पालन करने के निर्देश दिए हैं। वहीं कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड के संबंध में चिंता करने और घबराने वाली कोई बात नहीं है। यह सामान्य सर्दी-जुकाम की तरह हो चुका है।

# दिल्ली में मध्यम श्रेणी में हवा बरकरार, 129 एक्यूआई दर्ज, कुछ दिनों तक राहत मिलने की संभावना

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में दिल्ली के बाद गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 106 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में एक्यूआई सबसे कम दर्ज हुआ।



राजधानी में मौसम के बदले मिजाज के कारण वायु मध्यम श्रेणी में बरकरार है, ऐसे में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 129 दर्ज किया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 10 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि सोमवार तक हवा मध्यम श्रेणी में ही बरकरार रहेगी, ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा से कुछ दिनों तक राहत मिलने की संभावना है।

शुक्रवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। शनिवार को हवा उत्तर-पूर्व दिशा से 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है। रविवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने का अनुमान है। इसके अलावा, सोमवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है।

सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली एनसीआर में दिल्ली के बाद गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 106 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में एक्यूआई सबसे कम दर्ज हुआ। यहां सूचकांक 75 रहा, जोकि संतोषजनक श्रेणी में है। इसके अलावा, नोएडा में 79 और ग्रेटर नोएडा में 76 एक्यूआई दर्ज किया गया। ग्रैप एक की पाबंदियां खत्म

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार होने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) 1 के तहत लागू पाबंदियों को हटा दिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की उप-समिति ने राजधानी में शुक्रवार को साफ हवा के कारण यह निर्णय लिया। ग्रेप के पहले चरण के तहत सड़क किनारे भोजनालयों, होटलों व रेस्तरां में कोयले के इस्तेमाल पर रोक थी, लेकिन अब ये दोबारा शुरू हो जाएंगे। आयोग की उप-समिति की रविवार को बैठक हुई। इसमें दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। पिछले दो दिनों से लगातार हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में बनी हुई है। इसलिए अब ग्रेप-वन के प्रावधानों को भी हटाने का फैसला किया गया। इस तरह अब दिल्ली और एनसीआर से ग्रेप के सभी प्रतिबंध पूरी तरह से हट गए हैं।

## आपराधिक मानहानि मामलाः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी

नई दिल्ली। लिपिका मित्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर सोमनाथ भारती के खिलाफ अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया। इसके बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीतारमण को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 12 जून को होगी। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) नेता के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की तरफ से दायर आपराधिक मानहानि याचिका के संबंध में राउज एवेन्यू ने 19 मई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने कहा कि मामले में प्रतिवादी को भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाना चाहिए, ऐसे में प्रतिवादी निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया जाता है। मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। आपराधिक मानहानि मुकदमे में लिपिका मित्रा ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विभिन्न इलेक्ट्रानिक मीडिया चैनल पर दिए गए साक्षात्कार में उनके पति सोमनाथ भारती के बारे में अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए थे। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के बयान से उनके पति के साथ उन्हें व उनके दो नाबालिग बच्चों को भी अपूरणीय मानसिक पीड़ा हुई है। उन्होंने निर्मला सीतारमण के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 356(1) और 356(2) के तहत मुकदमा चलाने और अपमानजनक सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने व विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म से हटाने का निर्देश देने की मांग की है।

# पेज एक का शेष...

## सीएम योगी बोलेः पाकिस्तान बहुत जी चुका... अब इसका समय आ गया है, हमारी सेना ने 24 के बदले 124 आतंकवादियों को मारा

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब 75 साल अपनी पूरी जिंदगी जी चुका है। अब ये खत्म हो जाएगा। इसका समय आ गया है। हमारे एक पूज्य संत ने भविष्यवाणी की थी कि पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलेगी।

## भारत एफएटीएफ के सामने पाकिस्तान को फिर ग्रे सूची में डालने के लिए मजबूती से मामला रखेगा

तो इसका अर्थ है कि उस देश ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर पहचानी गई रणनीतिक कमियों को शीघ्रता से हल करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है और अब उस पर बढ़ी हुई निगरानी लागू होगी। एफएटीएफ, जो एक निर्णय लेने वाली संस्था है की पूर्ण बैठक साल में तीन बार- फरवरी, जून और अक्तूबर में होती है। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था और उसने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण पर लगाम लगाने के लिए एक कार्ययोजना दी थी। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस सूची से हटा दिया था। भारत ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान को आईएमएफ के बेलआउट पैकेज की किश्त जारी करने का विरोध किया था।

## 'भारतीय सेना की वीरता को कम करके न आंकें...'

क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान?

भाजपा की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने पूछा था कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति देकर देश के हितों की क्यों बलि दी?

भाटिया ने कांग्रेस नेता से आग्रह किया, राहुल गांधी, हमारे बहादुर सैनिकों के साह और समर्पण को कमतर करके आंकना बंद करें, ऐसे सवाल पूछना बंद करें जो नहीं पूछे जाने चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयान केवल बचकाना व्यवहार है।

उन्होंने आरोप लगाया, राहुल गांधी का स्वभाव रहा है कि वह जानबूझकर ऐसे सवाल पूछते हैं जो हमारे देश के खिलाफ होते हैं और उन देशों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, जो हमारे दुश्मन हैं।

राहुल गांधी ने क्या कहा था- कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी से तीन सवाल पूछते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए- आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

## फिर 199 के फेर में फंसी विधानसभा, भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त

बुधवार को मीणा ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

वहीं कांग्रेस आज इसी मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गई। कांग्रेस का आरोप था की विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी इस मामले में पक्षपात कर रहे हैं। इसलिए मीणा की बर्खास्तगी को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आज जयपुर राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिस पर आने वाले बुधवार को सुनवाई होनी थी।

बता दें कि मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अगुवाई में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल स्पीकर से मिला था और कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त किए जाने को लेकर उन्हें ज्ञापन दिया था। इस ज्ञापन में कांग्रेस ने लिखा था कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी स्पीकर ने कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त नहीं की है। साथ ही लिखा था कि कांग्रेस के बार-बार आग्रह करने के बाद भी स्पीकर ने इस मामले पर निर्णय नहीं लिया। ज्ञापन में कहा गया कि विधानसभा की गरिमा बचाने के लिए उन्हें कंवरलाल मीणा की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर देना चाहिए।

गौरतलब है कि मीणा ने वर्ष 2005 में झालावाड़ के मनोहर थाना क्षेत्र में उपसरपंच चुनाव के बाद पुनर्मतदान की मांग को लेकर एसडीएम पर पिस्तौल तान दी थी।

## जहां उतरने वाला था भारतीय डेलीगेशन का विमान, उससे पहले ही मॉस्को एयरपोर्ट पर हुआ ड्रोन अटैक

कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत के वैश्विक आउटरीच कार्यक्रम से पहले मॉस्को पहुंचा। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का स्वागत रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने किया।

मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के बयान के अनुसार, मॉस्को के डोमोडेडोवो हवाई अड्डे पर पहुंचने पर, माननीय संसद सदस्य कनिमोझी करुणानिधि, राजीव राय, कैप्टन बृजेश चौटा, प्रेम चंद गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार मित्तल, पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी का रूसी संघ में भारत के राजदूत महामहिम विनय कुमार ने स्वागत किया। इसमें आगे कहा गया है कि 23-24 मई 2025 को मॉस्को में बैठकों और बातचीत का एक व्यस्त कार्यक्रम उनका इंतजार कर रहा है। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मॉस्को में भारतीय दूतावास ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत सरकार के निरंतर प्रयासों के संदर्भ में और आतंकवाद के खतरे के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख को आगे बढ़ाने के लिए, संसद सदस्यों और एक वरिष्ठ राजनयिक का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 22 से 24 मई 2025 तक रूसी संघ की यात्रा पर जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल देश के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के मजबूत संदेश को आगे बढ़ाएगा।

## बीएसएफ के अलंकरण समारोह में बोले अमित शाह, 100 KM घुसकर पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाया

2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। जब पुलवामा हमला हुआ, तो भारतीय सेना ने हवाई हमले के जरिए कड़ा जवाब दिया।

एक बार फिर हमने आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया। जब यह तय हुआ कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं - बांग्लादेश और पाकिस्तान की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई और आपकी क्षमताओं को देखते हुए, आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसका उचित जवाब दिया जाएगा और आज यह जवाब स्पष्ट है। पूरी दुनिया अब हमारे सशस्त्र बलों और उनकी मारक क्षमताओं की प्रशंसा कर रही है।

## धराशायी हुई विदेश नीति बीजेपी ने किया पलटवार

इसके बाद 19 मई को राहुल ने फिर जयशंकर से सवाल किए। उन्होंने लिखा, 'विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी सिर्फ बयानबाजी नहीं है- यह निंदनीय है। इसलिए मैं फिर से पूछूंगा- हमने कितने भारतीय विमान खो दिए, क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।'

विदेश मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में कही थी यह बात-दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद 15 मई को पत्रकारों से बात हुए जयशंकर ने कहा था, 'यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे।'

विदेश मंत्रालय ने किया था राहुल का खंडन-राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने राहुल के बयान को तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण बताया था। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया था कि सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' होने से पहले पाकिस्तान को सूचित किया। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी।

'सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें'-जवाब में भाजपा ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। पार्टी ने कहा कि वे भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें और चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करके देश की सुरक्षा को खतरे में डालना बंद करें। राहुल को निशान-ए-पाकिस्तान कहते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी का इस्तेमाल इस्लामाबाद भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है।

भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'राहुल गांधी, आप तय करें कि आप किस तरफ हैं? आपको तय करना होगा कि आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या पाकिस्तान के निशान-ए-पाकिस्तान। भाटिया ने कांग्रेस नेता से आग्रह किया, 'राहुल गांधी हमारे बहादुर सशस्त्र बलों की वीरता और प्रतिबद्धता को कमतर आंकना बंद करें, ऐसे सवाल पूछना बंद करें जो नहीं पूछे जाने चाहिए। वे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।' उन्होंने कहा कि राहुल की टिप्पणी को बचकाना व्यवहार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे सवाल जानबूझकर पूछना राहुल गांधी का मुख्य चरित्र रहा है, जो हमारे देश के प्रति शत्रुतापूर्ण राष्ट्रों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं।

## पहलगाम तक पहुंचे पर्यटक, पर बायसरन नहीं देख पाने का मलाल लिए लौट रहे सैलानी

हम जहां तक जा सकते थे गए, फिर पहलगाम लौटे। वहां हमें राजस्थान से आए लोकेंद्र मिले। कहते हैं कि हमारा पहले से ही पहलगाम आने का प्लान बना हुआ था। खबरों में हालातों के बारे में सुनकर थोड़ा डर जरूर था, लेकिन कुछ स्थानीय मित्रों के आश्वासन पर हम प्लान के तहत यहां घूमने चले आए। जिसका कोई अपना चला जाता है, उसको तो डर लगेगा ही, लेकिन अभी तक हम जहां भी गए सब ठीक ही लगा। बायसरन न जा पाने का मलाल है।

इस बार न सही, हालात हम समझते हैं, फिर आएंगे जल्द ही एक अन्य पर्यटक ब्रह्माकुमारी रचना ने कहा कि पहलगाम का मौसम और हसीन वादियां बेहद शानदार हैं। कश्मीर सही में धरती का स्वर्ग है। मिनी स्विट्जरलैंड देखने का मन था, लेकिन वहां तक जाना अभी मना है। अगली बार जब भी आऊंगी, बायसरन जरूर जाऊंगी, क्योंकि जिसने मिनी स्विट्जरलैंड नहीं देखा, उसका पहलगाम आना अधूरा है। दिन में करीब 40-50 पर्यटक आ रहे हैं

कुछ आगे बढ़ने पर ढाबे वाले शब्बीर हुसैन से हम हाल जानने की कोशिश करते हैं। मानो उनके दिल का गुबार बाहर आता है। कहते हैं कि रौनक छीन ली दहशतगर्दों ने। शब्बीर व उनके साथियों ने घटना की निंदा कर प्रदर्शन भी किया था। शब्बीर कहते हैं कि पहली बार ऐसा हुआ है कि निहत्थों को मारा गया। इससे पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ, लेकिन अब थोड़े पर्यटक आने शुरू हुए और हमारी भी आस जगी है। दिन में करीब 40-50 पर्यटक आ रहे हैं।

छूट देकर संख्या बढ़ाने की कोशिशपहलगाम होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष जावेद बुर्जा ने बताया कि इस समय पहलगाम में धीरे-धीरे कारोबार उठना शुरू हुआ है। करीब 10-12 प्रतिशत की बुकिंग है और आगे के लिए भी पूछताछ शुरू हो गई है। हम भी डिस्काउंट दे रहे हैं और जो भी पर्यटक आएगा, उसे हम 50 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती', शीर्ष अदालत का फैसला

शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।

यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की ओर से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था।

# आंधी, बारिश, तूफान से आम, लीची, और अन्य फसल बर्बाद

## पीड़ित बागवानों और मृतकों को मुआवजे को लेकर आप का प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। दो दिन पूर्व तेज आंधी, बारिश और तूफान से बर्बाद हुए आम और लीची की फसल के किसानों, बागवानों और मृतकों को मुआवजे की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंकुश चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे ज्ञापन में नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।



अंकुश चौधरी कहा दिनांक 21 मई 2025 को मेरठ जिले में आए भयंकर तूफान ने क्षेत्र के किसानों, बागवानों और आम नागरिकों को अपूरणीय क्षति पहुँचाई है। इस प्राकृतिक आपदा ने जिले के विभिन्न हिस्सों, विशेष रूप से किठौर, शाहजहांपुर, फलावदा और जानी क्षेत्रों, जो जिले की प्रमुख फल पट्टी हैं, को प्रभावित किया है, और भारी हवाओं तथा तूफान के कारण आम और लीची के बागों को भारी नुकसान हुआ है। अनेक फलदार पेड़ उखड़ गए, फसलें नष्ट हो गईं, और किसानों की वर्षों की मेहनत बर्बाद हो गई। इसके अतिरिक्त, खेतों में खड़ी फसलों को भी गंभीर क्षति पहुँची है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।इस तूफान ने न केवल आर्थिक नुकसान पहुँचाया, बल्कि कई परिवारों को असहनीय दुख भी दिया। तूफान के दौरान मेरठ जिले में चार व्यक्तियों की दुखद मृत्यु हुई, जो इस आपदा की गंभीरता को दशार्ता है। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष हबीब अंसारी, एसके शर्मा, जीएस राजवंशी, फुरकान त्यागी, हेम कुमार, हर्ष वशिष्ठ, शिवकुमार, वैभव मलिक, अभिषेक द्विवेदी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मोदीनगर तहसील में लेखपाल रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, ।**

मोदीनगर । जमीन की फाइलें सरकाने की एवज में रिश्वत मांगना अब आम बात हो गई है, लेकिन एंटी करप्शन टीम ने मोदीनगर में एक ऐसा ही मामला पकड़ कर सरकारी तंत्र में छिपे भ्रष्टाचार पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।



लेखपाल सरित कुमार पर आरोप है कि उसने दाखिल खारिज की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक व्यक्ति से पांच लाख रुपये की मांग की थी। गुरुवार को जब शिकायतकर्ता एक लाख रुपये की एडवांस रकम देने पहुंचा, तो एंटी करप्शन टीम पहले से तैयार थी। मौके पर ही लेखपाल को रिश्वत लेते पकड़ा गया।

इस कार्रवाइ ने तहसील दफ्तर में हड़कंप मचा दिया है। पूछताछ में और नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है। यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या यह भ्रष्टाचार किसी नेटवर्क का हिस्सा है? फिलहाल लेखपाल से पूछताछ जारी है।। वहीं, आम जनता इस कार्रवाई को एक सकारात्मक संकेत मान रही है।

अब देखना यह होगा कि क्या इस कार्रवाई के बाद भ्रष्टाचार पर लगाम कस पाती है या फिर यह सिर्फ एक दिखावटी प्रयास बन कर रह जाएगा।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य को भूमाफियाओं से जान का खतरा

## दो भाइयों पर धमकी और अभद्रता का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मोदीनगर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर दीपा त्यागी ने क्षेत्र के ही रहने वाले दो सगे भाइयों पर गाली-गलौज, दुर्व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों व्यक्ति हिस्ट्रीशीटर भू-माफिया हैं, जो पहले भी उनके साथ इस प्रकार की घटनाएं कर चुके हैं।



डॉ. दीपा त्यागी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसर के अनुसार, उनका अरोप हैं ग्राम भनेड़ा कलां, तहसील मोदीनगर में करोड़ों रुपये मूल्य की राज्य सरकार की भूमि पर दोनों आरोपियों ने अवैध कब्जा कर रखा है। 20 मई को जब तहसील की राजस्व टीम उक्त भूमि की पैमाइश के लिए पहुंची, उस दौरान दोनों भाइयों ने डॉ. त्यागी के साथ गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार किया। हलाकि नेशनल प्रेस टाइम्स वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है

वीडियो में यह भी बताया गया किया गया है कि पूर्व में भी भाइयों ने डॉ. त्यागी को पिस्टल दिखाकर धमकाया था और गाली-गलौज की थी। डॉ. दीपा त्यागी ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भू-माफियाओं के हौसले और बुलंद हो जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की जा रही है।

# तूफान से बर्बाद हुई आम की फसल का मुआवजा दे सरकार : शौकीन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



बागपत। बागपत में आये तूफान व ओलावृष्टि से रटौल में सैकड़ो बीघा भूमि पर खड़ी आम की फसल बर्बाद हो गई है।

पेड़ों से कच्चे आम टूटकर नीचे गिर पड़े हैं, इससे आम ठेकेदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आम ठेकेदार शौकीन ने सरकार से बर्बाद हुई आम की फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है। पेड़ से टूटकर गिरे आम ने आम ठेकेदारों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। रटौल क्षेत्र में सैकड़ों बीघा भूमि पर लगे आम के बागानों में पचास प्रतिशत से अधिक फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। रटौल क्षेत्र में आम की पैदावार बड़े पैमाने पर होती है। यहां के आम ठेकेदार इस नुकसान से परेशान हैं। तूफान में टूटे हुए आम भी खराब हो गए हैं। फसल तैयार होने में अभी करीब बीस दिन का समय बाकी है। आम ठेकेदारों को आर्थिक स्थिति खराब होने डर सता रहा है। एक बार के तूफान और ओलावृष्टि में ही आधी फसल बर्बाद हो गई है। आम ठेकेदार शौकीन ने सरकार से बर्बाद हुई आम की फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# 11 साल बाद अंसल निदेशकों के खिलाफ दर्ज हुई धोखाधड़ी की एफआईआर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। अंततः 11 साल की लम्बी लड़ाई के बाद अंसल लैंडमार्क प्राईवेट लिमिटेड के निदेशकों और मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद इस प्रकरण में मुकद्दमा दर्ज हुआ है। अंसल लैंडमार्क द्वारा सिंचाई विभाग की जमीन पर पीड़ितों से पैसा वसूल कर-



के उन्हें टरकाया जा रहा था। प्राप्त विवरण के अनुसार सहारनपुर के निवासी और क्राइम ब्रांच मेरठ में तैनात रहे रिटायर्ड सीओ बचन सिंह सिरोही ने 14 जून 2014 को करीब 12 लाख रुपए की कीमत अदा करके अंसल के प्रोजेक्ट में एक यूनिट अलॉट कराई थी। कुछ समय बाद कम्पनी के मैनेजर ने बताया कि रेट बढ़ जाने के कारण 15 लाख की अतिरिक्त धनराशि जमा कराने के बाद ही यूनिट अलॉट होगी। रिटायर्ड सीओ द्वारा उक्त रकम जमा करने के बावजूद भी अंसल लैंडमार्क ने उन्हें यूनिट अलॉट नहीं की । इस पर शक होने पर पीड़ित ने गहराई से प्रोजेक्ट की जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि उन्हें एवं अन्य लोगों को बेचे गये प्लाट एवं यूनिट पर मालिकाना हक सिंचाई विभाग है और एमडीए ने उक्त प्लाटों की खरीद पर रोक लगा रखी है। इस पर पीड़ित ने अंसल लैंडमार्क प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक एवं प्रबन्धक सुशील अंसल, प्रणव अंसल एवं मैनेजर अतुल शर्मा और एपी शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी की तहरीर दी।

# नवनिर्मित तहसील भवन में कार्यालय शिफ्ट की मांग हसनपुर में भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

हसनपुर अमरोहा-हसनपुर अमरोहा में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया इस दौरान विद्युत विभाग चकबंदी विभाग नहर विभाग मुख्य पशु अधिकारी और तहसीलदार से किसानो की समस्याओं पर चर्चा की गई चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि किसानों को कम से कम 10 घंटे बिजली आपूर्ति मिलनी चाहिए उन्होंने जनपद में भूमाफियाओं द्वारा कब्जाई गई हजारों एकड़ सरकारी जमीन को मुक्त करने की मांग की साथ ही क्षेत्र में आवारा पशुओं और कुत्तों की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया किसान नेताओं ने आधार कार्ड संशोधन केंद्रों पर हो रही अवैध वसूली को रोकने की मांग की उन्होंने 2 वर्षों से खाली पड़े नवनिर्मित तहसील भवन में कार्यालय को जल्द शिफ्ट करने पर भी जोर दिया धरना समाप्ति पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव को मांगो का ज्ञापन सौंपा गया कार्यक्रम में राजवीर सिंह पूनम चौधरी अशोक चौधरी मंजू चौधरी धर्मवीर सिंह रवि चौधरी जगत सिंह समेत कई किसान नेता मौजूद रहे

# उत्तर प्रदेश के अमरोहा में जाटव समाज के खिलाफ पोस्ट करने पर दी सजा, पंचायत ने बच्चों को मुर्गा बनवाया, माफी भी मंगवाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**हसनपुर अमरोहा**

अमरोहा में एक पंचायत ने नाबालिग बच्चों को जातिसूचक टिप्पणी के आरोप में मुर्गा बनाकर माफी मांगने पर मजबूर किया। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 27 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। नाबालिगों द्वारा अनुसूचित समाज के खिलाफ टिप्पणी करने पर जाटव समाज ने विरोध जताया था जिसके बाद पंचायत ने यह फैसला सुनाया।



अनुसूचित समाज के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के मामले में पंचायत ने नाबालिग बच्चों को मुर्गा बनवाकर माफी मंगवाई। बच्चों के मुर्गा बनते हुए वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की गई है। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के 27 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गुलामपुर गांव का है। गुरुवार को इंस्टाग्राम पर नाबालिग लड़कों ने अनुसूचित समाज के प्रति जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट प्रसारित की थी। जिसे देखकर जाटव समाज के लोग भड़क गए तथा कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

हालांकि इसके बाद गांव के संभ्रांत लोगों ने आपस में समझौता कर लिया था। लेकिन, कुछ लोग सार्वजनिक रूप से हाथ जोड़कर माफी मंगवाने की बात पर अड़ गए। शाम के समय गांव में पंचायत बैठी। जिसमें आरोपित दो बच्चों से हाथ जोड़कर माफी मंगवाने के साथ ही उन्हें मुर्गा भी बना दिया

इतना ही नहीं भरी पंचायत में दोनों से माफीनामा भी पढवाया गया। इसकी वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई है। इस घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि नाबालिग बच्चों को मुर्गा बनाने के मामले में 25 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। जबकि, दो लोगों को शांति भंग में पाबंद किया है।

# अमरोहा पुलिस ने बरेली जोन की खेल प्रतियोगिता में दिखाया दम टेबल टेनिस बैडमिंटन समेत 5 खेलों में जीते 20 स्वर्ण पदक

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
अमरोहा ' उत्तर प्रदेश

बरेली जोन की अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता में अमरोहा पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है टीम ने कुल 20 स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया



प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुरादाबाद रामपुर रोड बदायूं में किया गया इसमें टेबल टेनिस बैडमिंटन स्विमिंग बॉक्सिंग और 4400 मीटर रिले दौड़ शामिल थी अमरोहा पुलिस टीम के खिलाड़ियों ने अपने जोश और जज्बे से सभी को प्रभावित किया अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने टीम की सराहना की उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन करने के साथ पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को भी मजबूत किया है एसपी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी

# राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन व शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के संयुक्त आवाह्न पर प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाजियाबाद। राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन व शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के संयुक्त आवाह्न पर प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन पायलट राकेश त्यागी ने बताया कि उक्त आयोजन में एनसीआर क्षेत्र के 81 स्कूलों के 405 टॉपर्स को सम्मानित किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य अतिथि अरुण सिंह, एमपी राज्यसभा, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय जनता पार्टी, गेस्ट ऑफ ऑनर ओम प्रकाश प्रदेश प्रमुख विभाग व प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र उत्तर प्रदेश व अशोक श्रीवास्तव चीफ एंकर व एडिटर डीडी न्यूज, विशिष्ट तिथि मयंक गोयल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा विधायक व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर संजय दत्त कौशिक



चेयरमैन एलआर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज रहे। अरुण सिंह ने बताया कि जिन बच्चों को सम्मानित किया जा रहा है निकट भविष्य में इनकी महती भूमिका होगी क्योंकि आने वाले युग में विज्ञान का महत्व व अन्य सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण होने जा रही है। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने सभी विद्यालयों को प्राथमिकता देते हुए उनके पांच-पांच टॉपर्स को सम्मानित कर बहुत ही प्रशंसानीय कार्य किया है। मैं सभी के उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं करता हूँ क ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान पिछले अनेक वर्षों से इस तरह के आयोजन वर्ष में अनेक बार करता रहता है। विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों को प्रोत्साहित कर समाज का एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के संचालक, प्रधानाचार्य, शिक्षक व सम्मानित होने वाले छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भव्यता को विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम की शुरूआत में ही एक भव्य शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर ऊर्जा प्रदान की। आयोजन में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान कार्यकारिणी के अलावा डीएलएफ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. मृगनैनी के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ ने अतिथियों की आवभगत व स्वागत किया। अंत में डीएलएफ पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा जयरथ ने सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पुनीत लोधी, रामेश्वर निर्माण, वी एम त्यागी, सुरेश सैनी, नीरज शर्मा, योगेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव ललित त्यागी, मीनाक्षी पादी, राजीव त्यागी आदि शिक्षा जगत के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन अपनी ओजस्वी वाणी में अर्चित त्यागी द्वारा किया गया।

# संपादकीय

## किशोरों के भटकाव की गंभीर चुनौती

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना उद्वेलित करने वाली है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली घटना है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती आक्रमकता और संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। बताते हैं हत्या में शामिल युवक गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। इस बाबत प्रकाशित खबरों के अनुसार मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह हृदयविदारक है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख पैदा हुआ है। बहरहाल, किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारी परिवार संस्था बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रही है ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? उन्हें क्यों लगता है कि किसी लड़की को छेड़ा जाना चाहिए? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष तिरोहित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला क्रूर ढंग से गला काटना हो सकता है? दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। आम तौर पर फिल्मों में हीरो हिरोइन से छेड़खानी करता और उसे परेशान करता नजर आता था। बाद में फिल्म की पटकथा में नायिका उसी हीरो के आगे समर्पण करती नजर आती थी। फिर फिल्म की पटकथा इस छेड़खानी को प्रेम कथा और विवाह में तब्दील कर देती है। कालांतर समाज के किशोरवय और युवाओं में यह संदेश गया कि निजी जीवन में यही छेड़खानी उनकी प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। फिर बची-खुची कसर हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीन व क्रूर-कथाओं ने पूरी कर दी। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता भर दी कि समाज में इसे न्यू नॉर्मल मानने की सोच पैदा हुई। कहीं न कहीं पारिवारिक संस्था व शिक्षा व्यवस्था इस सोच को खारिज करने में चूकी है। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं की अपरिहार्यता ने विद्यार्थियों को मोबाइल उपयोग की स्वच्छंदा दी। आज उन्हें प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। उन कार्यक्रमों की बाढ़ है जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बताने का खेल चल रहा है। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। शायद शीर्ष अदालत की तल्ख टिप्पणी से हमारे सत्ताधीशों की आंख खुले।

# मैं बागपत हूँ - खंड 12ः तिलवाड़ा - रथचक्र की गूंज



सुरेंद्र मलानिया/नेशनल प्रेस टाइम्स

**लेखक के दो शब्द - पाठकों के नाम एक भावनात्मक प्रणाम**

जब मैंने मैं बागपत हूँ की पहली पंक्ति लिखी थी, तब यह बस एक विचार था - बागपत की मिट्टी से, उसकी सभ्यता से, उसकी आत्मा से लोगों को जोड़ने का प्रयास। पर आज... यह एक आंदोलन बन चुका है। एक अहसास। एक साझा गौरव। आप पाठकों ने मुझे जो स्नेह, समर्थन और साहस दिया है, वह सिर्फ एक लेखक को नहीं मिला -वह उस इतिहास को मिला है, जो अब तक गुमनाम था। नेशनल प्रेस टाइम्स के मंच से मैं यह यात्रा शुरू कर सका - यह मेरे लिए सौभाग्य है।मैं आप सबका, विशेष रूप से अपने हजारों पाठकों का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिनके प्रेम ने इस लेखमाला को आज खंड 12 तक पहुँचाया।

पूर्व प्रकाशित 11 खंडों का संक्षिप्त स्मरणः 1. खंड 1ः बरनावा - जहां से महाभारत की नींव उठी। लाक्षागृह की कथा, आग और साज़िश की भूमि। 2. खंड 2ः सिनौली की खुदाई - रथ, ताम्रपत्र, युद्ध-गाड़ियाँ... जिसने भारत को फिर से पुरातात्विक विश्वगुरु साबित किया।

3. खंड 3ः अमीननगर सराय- शेरशाह सूरी के किले से जुड़ी कहानियाँ, व्यापार और प्रशासन का प्राचीन संगम। 4. खंड 4ः माया त्यागी कांड- न्याय, संघर्ष और महिलाओं की अस्मिता का लहू से लिखा इतिहास। 5. खंड 5ः चौधरी चरण सिंह- बागपत की मिट्टी में जन्मे किसान नेता, जिनकी नीतियाँ आज भी जीवंत हैं। 6. खंड 6ः बसौद - क्रांति की जड़ें - जहां अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल बजा। खूनी तालाब, फाँसी का बरगद और शाहमल की ज्वाला। 7. खंड 7ः बिजरौल और बड़का - शाहमल के मौन स्मारक, वो गांव जहां क्रांति ने आंखें खोलीं।

8. खंड 8ः बागपत का जन्म - वातग्राम से बागपत तक की यात्रा - बागों की नगरी का उद्भव। 9. खंड 9ः मलकपुर के पहलवान- अखाड़े की मिट्टी में तपकर निकले सूरमा, जिन्होंने खेलों में भारत का नाम ऊँचा किया। 10. खंड 10ः जौहड़ी शूटिंग रेंज- जहाँ निशानों से ज्यादा इतिहास दर्ज है - खेल और प्रशिक्षण की गौरवगाथा। 11. खंड 11ः कोताना - यमुना का शांत प्रहरी- जहां ईद के त्योहार पर रामवीर प्रधान और सभी समुदाय एकता की मिसाल बनते हैं। खंड 12 - तिलवाड़ाः रथचक्र की गूंज, महाभारत की चेतना



कुछ गांव होते हैं जो बसते हैं - कुछ गांव होते हैं जो जागते हैं। तिलवाड़ा वह गांव है जो हजारों वर्षों से इतिहास को जगाकर रखे हुए है। बागपत जिले के हृदय में बसा तिलवाड़ा, अब केवल एक गांव नहीं रहा। अब यह भारत की आत्मा में बसी स्मृति भूमि बन चुका है - जहाँ मिट्टी में इतिहास सांस ले रहा है, और खेतों के नीचे सोया महाभारत काल आज करवट ले रहा है। नाम की महिमा और पुरातन मान्यताएंः तिलवाड़ा का नाम वर्षों से बुजुर्गों की जुबान पर श्रद्धा और अद्भुत गर्व के साथ लिया जाता रहा है। - कुछ इसे ह्यतिल अर्पण भूमिह्र मानते हैं, जहां राजर्षियों ने युद्ध से पूर्व पितरों का स्मरण किया। - कुछ कहते हैं कि यही वो भूमि है जहां युधिष्ठिर ने शांति दूतों को कुरु सभा की ओर प्रस्थान कराया। - और कुछ इसे मानते हैं कि यहीं कर्ण और अर्जुन की युद्ध कला का अभ्यास हुआ। यह केवल किंवदंतियां नहीं रहीं - अब इनके नीचे से साक्ष्य निकल रहे हैं, इतिहास चुपचाप बोल रहा है। खुदाई में निकला रथचक्र - इतिहास की महागूंज 2025 के आरंभ में जब गांव के एक हिस्से में सिंचाई के लिए, खुदाई हो रही थी, तब गांववालों की आँखें ठहर गईं - मिट्टी के नीचे से एक 5 फीट व्यास का रथ का पहिया निकला। - पहिए के केंद्र में धुरी का गोल छेद, किनारों पर तांबे की परतें और लकड़ी की सड़ चुकी रेखाएं - यह कोई आम चक्र नहीं था। - यह था एक युग की चुप गवाही।

इसके साथ ही तीर के सिरे, अग्निकुंड के चिह्न, और ईंटों से बने एक वैदिक यज्ञशाला के संकेत भी मिले। विशेषज्ञों का कहना है - यह क्षेत्र महाभारत युद्ध की तैयारी से जुड़ा सैन्य अभ्यास क्षेत्र रहा हो सकता है।

गांव की धड़कनों में बसा इतिहास गांव के वयोवृद्ध राजबीर सिंह, रामकुमार, और ताहिर मियाँ की आँखों में आज जो चमक है, वह केवल गर्व नहीं - वह उन पुरखों की आस्था का प्रकाश है, जो कहते थे - हमारी मिट्टी में इतिहास सो रहा है।

अब वह इतिहास जाग चुका है। गांववाले माँग कर रहे हैंः तिलवाड़ा को राष्ट्रीय पुरातात्विक धरोहर घोषित किया जाए। यहाँ पर महाभारत संग्रहालय और शोध केंद्र स्थापित हो। अरक द्वारा गहन खुदाई कराई जाए ताकि और रहस्य सामने आएं। तिलवाड़ा को इतिहास में उसका उचित स्थान मिले, जो अभी तक उपेक्षित रहा।

तिलवाड़ा - जहाँ मिट्टी खुद बोल उठी मैं बागपत हूँ... जब तिलवाड़ा की भूमि ने रथचक्र उगला, तो लगा जैसे कृष्ण का सारथ्य,अर्जुन की धनुष ध्वनि, और युधिष्ठिर की नीति की गूंज फिर से ज़िंदा हो उठी। यह गांव अब एक भूगोल नहीं - यह इतिहास का जाग्रत प्रमाण है। यह राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना की जीवंत चिंगारी है।

# परमाणु बम का हौवा बरकरार रहने की आशंका

हाल ही में भारत-पाकिस्तान टकराव के दौरान उभरे हालात के मद्देनजर भारतीय उपमहाद्वीप में परमाणु युद्ध के खतरे को हलके में लेना दुस्साहस ही कहा जाएगा। पाकिस्तान की परमाणु धमकी जगजाहिर है। वहीं भारत का नया दावा भी अहम है कि वह परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा। दरअसल, बड़ा खतरा पूर्ण युद्ध का है।

शेक्सपियर के मशहूर नाटक मैकबेथ के चरित्र बैंको के भूत की तरह, परमाणु हथियारों का साया हाल के दशकों में भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षों पर रह-रहकर मंडराता रहा है। नकारने के बावजूद, ऑपरेशन सिंदूर पर भी यह मंडराता रहा।

पिछले इतिहास को देखने पर, वास्तविक परमाणु युद्ध का जोखिम हालांकि बहुत कम, लगभग नगण्य लगता रहा है। लेकिन जिस प्रकार की घटनाएं सामने आई हैं, कई राहें दिखाई देनी लगी हैं,जो भयावह अंजाम की ओर ले जा सकती हैं। इन संभावनाओं की गंभीरता ने ही अमेरिका को इस युद्ध से दूरी बनाए रखने के अपने पहले रुख को तजकर, त्वरित सक्रिय कूटनीतिक प्रयास करने और दोनों पक्षों के बीच युद्ध विराम करवाने में मदद करने को सक्रिय किया। भारत का कहना है कि यह युद्ध विराम द्विपक्षीय रहा, लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि यह - अंकल सैम- (ट्रंप) की मध्यस्थता से बना है, जो अब हमें इसके बारे में बार-बार याद दिलाते नहीं थक रहे।

बीती 12 मई को कतर की अपनी यात्रा की पूर्व संध्या पर व्हाइट हाउस में बोलते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा : -



मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण और तत्काल युद्धविराम करवाने में मदद की, मुझे लगता है यह स्थायी होगा, इस तरह बड़ी संख्या में परमाणु हथियारों से लैस इन दो मुल्कों के बीच खतरनाक संघर्ष समाप्त हो गया-। इससे एक दिन पहले, उन्होंने -मौजूदा आक्रामकता- को खत्म करने के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व की प्रशंसा की थी और कहा कि -लाखों भले और निर्दोष लोग अन्यथा मारे जाते-।

टकराव बनने से पहले ही, पाकिस्तान ने परमाणु घुड़की देनी शुरू कर दी थी। भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि पानी को रोकने या मोड़ने के किसी भी प्रयास को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और इसका जवाब राष्ट्रीय शक्ति और उपलब्ध तमाम संसाधन का उपयोग करके दिया जाएगा-। यहां पर -तमाम संसाधन- का अभिप्राय स्पष्ट रूप से परमाणु हथियार था। फिर, जैसे-जैसे संकट बढ़ता गया, पाकिस्तान और ज्यादा परमाणु घुड़कियां देने लगा। बता दें कि 10 मई को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की बैठक बुलाई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के अलावा परमाणु हथियारों से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। बाद में पाकिस्तान आसानी से इससे मुकर गया। परमाणु हथियारों से संबंधित घटनाक्रमों को लेकर बहुत सी भ्रामक सूचनाएं फैलीं। ऐसी ही एक खबर में बताया गया कि किराना हिल्स पर भारतीय हमले के तुरंत बाद, जहां कथित तौर पर कुछ पाकिस्तानी परमाणु हथियार रखे हुए हैं, एक बीचक्राफ्ट सुपर किंग एयर 350 विमान सरगोधा में उतरा है झ जो कथित तौर पर अमेरिकी ऊर्जा विभाग का है। बाद में पता चला कि यह विमान सच में पहले अमेरिकी एजेंसी का था, जिसे पाकिस्तान ने 2010 में खरीद लिया था और इसकी उपस्थिति का परमाणु एंगल से कुछ लेना-देना नहीं था। भारत ने इस बात से इनकार किया कि उसने सरगोधा के नजदीक मुशाफ एयरबेस से लगभग 15 किमी. दूर स्थित किराना हिल्स पर कोई हमला किया है। लेकिन हां, किराना हिल्स के मुहाने पर स्थित दो सैन्य ठिकानों पर भारतीय हमले के सबूत अवश्य हैं। यहां स्पष्ट करना होगा कि रावलपिंडी के पास नूर खान वायुसेना अड्डा, कराची के पास मलीर और किराना हिल्स पर भारतीय हमलों का मकसद कुछ ऐसा ही संदेश देना था। क्योंकि इन जगहों पर या इनके आसपास ही कहीं पाकिस्तान के परमाणु हथियार रखे होने के कयास हैं।

# डीएम व सीडीओ ने स्थानांतरित नगर मजिस्ट्रेट को दी भावभीनी विदाई

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

बहराइच। बृहस्पतिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिले से स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व कलेक्ट्रेट सहायकों सहायकों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को उपहार, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी गई। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, सीआरओ, अपर पुलिस



अधीक्षक, उप जिलाधिकारीगण व अन्य अधिकारियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासी और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर श्रीमती प्रभाकर को याद किया जायेगा।

वक्तागण ने कहा मृदुलभाषी स्वभाव के कारण श्रीमती प्रभाकर जनपद में काफी लोकप्रिय थी। श्रीमती प्रभाकर की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जनपद बहराइच को वह हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों की सराहना की।

# जून के प्रथम सप्ताह में लोक निर्माण विभाग की 90 परियोजनाओं पर शुरू होगा काम।

## प्रस्ताव और कार्ययोजनाएं भेजी गईं, वित्तीय स्वीकृति को शासन से इस्टीमेट मांगे गए।

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

अमेठी। प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार को वर्चुअल बैठक कर अयोध्या मंडल के सभी जिलों में लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। प्रमुख अभियंता ने चालू वित्तीय वर्ष में भेजी गई कार्ययोजना के अनुरूप नव निर्माण, पुनर्निर्माण और मिसिंग लिंक के पन्द्रह पन्द्रह इस्टीमेट मांगे हैं। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद परियोजनाओं पर जून के प्रथम सप्ताह में नये कार्यों के शुरू होने की सम्भावना है।

शासन के निर्देशानुसार अब150आबादी तक की सभी बसावटों को पक्के सम्पर्क मार्गो से जोड़ा जाएगा। जर्जर ग्रामीण और जिला मार्गों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। नवीन कार्ययोजनाएं डी एम संजय चौहान ने प्रमुख सचिव को भेजी है। मुख्य अभियंता कार्यालय से प्रांतीय और निर्माण खंड से नवनिर्माण, पुनर्निर्माण और मिसिंग लिंक से सम्बंधित परियोजनाओं के पन्द्रह पन्द्रह इस्टीमेट मांगे गए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड और निर्माण खंड में इस समय देर शाम तक काम चल रहा है। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र और अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को अधीनस्थ अभियंताओं के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित प्रारूप पत्र पर सूचनाएं उच्चाधिकारियों को प्रेषित की।

# निकाली गई ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

अमेठी। शुक्रवार को तिरंगा यात्रा राजेश मसाला फैक्ट्री से शुरू हुई हजारों की संख्या में देश भक्ति के नारों की गूंज के साथ सागर तिहारे गांधी चौक होते हुए डॉ अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर तिरंगा यात्रा समाप्त हुई। आपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की सफलता के बाद भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को प्रणाम करने के लिए तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की जनता रोज सड़कों पर देशभक्ति के नारों के साथ गर्व की अनुभूति कर रही है। अमेठी के प्रतिष्ठित उद्योग पति और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के नेतृत्व में शुक्रवार को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। आसपास के जनपदों के व्यापारी नेताओं की मौजूदगी में राजेश अग्रहरि ने पाकिस्तान के खिलाफ ट्रेडवार शुरू करने का एलान किया और कहा कि भारत के व्यापारी अब पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवाद के समर्थक



पाकिस्तान के साथी देशों का इलाज भारतीय सेना ने कर दिया है।अब देश की जनता की भावनाओं के साथ जुड़े व्यापारी पाकिस्तान के खिलाफ ट्रेडवार शुरू करेंगे। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नौजवानों, महिलाओं और ?व्यापारियों का उत्साह सातवें आसमान पर नजर आया। दो हजार से अधिक लोगों ने भारतीय सेना के पराक्रम को प्रणाम किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के उच्च सदन के वरिष्ठ सदस्य एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, उत्तर प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनीत शारदा, व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, गिरजा शंकर शुक्ल , पूर्व चेयरमैन चंद्रमा देवी, चेयरमैन अंजू कसौंधन,त्रियुगीनारायण शुक्ल,देव प्रकाश पाण्डेय,अजय कुमार तिवारी, संतोष कुमार गुप्ता , हरिकेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, अनिल पाल, फूल चंद कसौंधन, सियाराम गुप्ता राकेश सोनी, अवनीश सिंह,कमरुल आदि मौजूद रहे।

### गन्ने की फसल के विशेष प्रशिक्षण के लिए राणा शुगर मिल ने किसानों को भेजा बरकातपुर गन्ना मिल

# अपील, अधिक गन्ना बुवाई करें किसान, जीएम अनुज कुमार आर्य

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद।शुक्रवार को मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राणा शुगर्स लिमिटेड करीमगंज एवं गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में मिल के संसाधनों द्वारा मिल परिक्षेत्र के किसानों के एक समूह को गन्ने की फसल के प्रति रुझान व आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने हेतु जनपद बिजनौर की चीनी मिल बरकातपुर मिल क्षेत्र को रवाना किया। बरकातपुर मिल में जाने का उद्देश्य है कि मिल क्षेत्र के किसान आधुनिक तकनीकों से परिचित होकर आधुनिक तरीकों से गन्ने की खेती कर कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त कर सके। जिससे उन्हे देखकर अन्य किसान का भी गन्ने के प्रति रुझान आये और मिल क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ना क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई हो और अधिक उत्पादन लिया जा सके। कृषक समूह को रवाना करने के लिये मिल प्रबन्धन तन्त्र के अधिकारी सुर्यभान सिंह, संजीव सिंह, अंशुल शर्मा, विनित कुमार, कृष्णपाल सिंह, सुनील सिंह, रमाकान्त, राजेश यादव एवं शैलेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।



राणा शुगर्स लिमिटेड के मिल उपाध्यक्ष साकेत बसल एवं सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) अनुज कुमार आर्य के द्वारा गन्ना कृषक ऑन के समूह को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है के नारे से गूंज उठा शाहाबाद

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। भारत सरकार की कूटनीति और हमारे सैन्य बल के पराक्रम, वीरता और सूझबूझ के कारण ही भारत ने पाकिस्तान के जन मानस को क्षति पहुंचाये बिना आतंकी और उनके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की तीनों सेनाओं जिनकी इस युद्ध में अहम भूमिका रही है जिसमें महिला शक्ति की भी अहम भूमिका रही है सभी को अपना कर्तव्य बखूबी निभानें के लिए नगर की जनता ने बहुत बहुत आभार व धन्यवाद प्रकट किया और आतंकवाद के खिलाफ जंग की शुरूआत करके पाकिस्तानी सीमा में अंदर घुसकर आतंकवादी ठिकाने व आतंकवादियों को समाप्त करके ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने वाले भारतीय सैनिकों के सम्मान में खंड विकास कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के पूर्व भारतीय सैनिकों का भी फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया।



यहीं से एक विशाल तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जो रामपुर चौराहा, ढकिया चौराहा, कोतवाली, बजरंग चौक होती हुई रामलीला मैदान में जाकर समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में शामिल पार्टी कार्यकर्ता व सभी नागरिक हाथ में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए खूब जोश और जुनून के साथ आगे बढ़ रहे थे। हिंदुस्तानी सैन्य बलों के इस पराक्रमी साहस को देखते हुए लोगों को विश्वास हुआ है कि हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा। सुरक्षा के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत मय पुलिस फोर्स पूरे समय तिरंगा यात्रा के साथ रहे तिरंगा यात्रा के मार्ग में आने वाली हर बाधाओं को दूर करते रहे। इस तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष कुमार भटनागर, पूर्व जिला महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा राजकुमार गुप्ता, खरसोल बीपैक्स के अध्यक्ष नेतराम कश्यप, अमित दिवाकर, संजय सिंह, विवेक पांडेय, अनुभव शर्मा, अन्नु रावत, सुमित भटनागर,केपी सिंह, नरेंद्र ठाकुर, मनीष शर्मा, रामौतार यादव, अमित चंद्रवंशी, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, विशंभर यादव, कुलदीप भटनागर, दिनेश कुमार, गंगा सहाय, रामगुलाम फौजी, रोहित बरनवाल, शोभित गुप्ता, रेनू श्रीवास्तव सहित अनेकों लोग रहे।

# धार्मिक स्थल के पास पशु का मांस का बोरा मिलने से फैला आक्रोश

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। फरीदपुर में हिंदू संगठनों में उस वक्त आक्रोश फैल गया जब एक धार्मिक स्थल के पास प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिले। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया गया। फिलहाल धार्मिक स्थल के पास से अवशेष हटा दिए गए थे।



पूरा मामला शुक्रवार दोपहर का बताया जा रहा है। फरीदपुर के पचौमी गांव में मौजूद धार्मिक स्थल के पास लोगों ने बोरा पड़ा देखा तो उसको खोला गया। बोरे के अंदर प्रतिबंधित पशु के अवशेष देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठनों को इसकी जानकारी मिली तो हंगामा होने लगा। विश्व हिंदू परिषद के सोमपाल राठौर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मामले की जांच कराए जाने की मांग की। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। फिलहाल धार्मिक स्थल के पास से प्रतिबंधित पशु के अवशेष हटा दिए गए थे। फरीदपुर पुलिस जांच में जुटी है।

# भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने किया सभा को संबोधित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर बिलासपुर। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकहित की एक सभा कार्यालय बिलासपुर में संपन्न हुई सभा में जिला अध्यक्ष बाबू अली ने कहा उत्तराखंड द्वारा सभी फैक्ट्रियों से प्रदूषण पानी नदियों में छोड़ा जा रहा है जो नदियां उत्तराखंड रुद्रपुर से होकर आ रही है वह सब नदियों में केमिकल का पानी आ रहा है जैसे क्या कुली नदी में चड्ढा पेपर मिल गणेश पिलाई आदि फैक्ट्रियां प्रदूषण पानी छोड़ रही है इनकी शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है लगातार प्रदूषण पानी से किसान परेशान है ना तो वे सिंचाई कर पा रहे हैं और ना ही पशुओं को पानी पिला रहे हैं किसान जब भी सिंचाई करने के लिए इन नदियों का पानी अपनी खेती के लिए इस्तेमाल करता है तब उसकी फसल नष्ट हो जाती है हमारा अनुरोध है रामपुर प्रशासन जो नदियों पर उत्तराखंड द्वारा प्रदूषण पानी आ रहा है उसको तत्काल बंद कराया जाए और फैक्ट्री पर जुमार्ना लगाया जाए ताकि भविष्य में किसान इन नदियों से अपनी भूमि के लिए सिंचाई कर सके नहीं तो अब अगली मुहिम भारतीय किसान यूनियन लोकित रामपुर इसके खिलाफ आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी कार्यालय पर मौजूद लोग जिला उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सुखवंत सिंह तहसील अध्यक्ष गुलवेज अली नगर अध्यक्ष नंदकिशोर गंगवार ग्राम अध्यक्ष सोहनलाल प्रभजोत सिंह तौफीक अहमद आदि लोग उपस्थित रहे

# एसएसपी का फ्लैग मार्च जवानों को पढ़ाया अनुशासन और फिटनेस का पाठ, दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। शुक्रवार को बरेली रिजर्व पुलिस लाइन में एसएसपी अनुराग आर्य ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान जवानों की शारीरिक फिटनेस, ड्रेस टर्नआउट और अनुशासन का जायजा लिया गया। एसएसपी ने दौड़ लगवाकर ड्रिल कराई और परेड को ड्रोन कैमरे से मॉनिटर किया परेड में शामिल पुलिस कर्मियों को एसएसपी ने मैदान में दौड़ लगवाकर उनकी फिटनेस का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रेसिंग व टर्नआउट पूरी तरह व्यवस्थित और अनुशासित होनी चाहिए। शस्त्रागार में हथियारों की गिनती और हालत की जांच-निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने शस्त्रागार में पहुंचकर आगामी रिक्रूट्स की ट्रेनिंग को ध्यान में रखते हुए हथियारों की संख्या, उनकी कार्यशीलता और साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर हथियार इस्तेमाल के लिए तैयार और सुरक्षित अवस्था में रखा जाए। आदेश कक्ष में एसएसपी ने गार्ड रजिस्टरों को देखा और मौके पर तैनात जवानों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने की नसीहत दी।

# के जी के महाविद्यालय में योग महोत्सव के उपरांत योगासन कार्यक्रम आयोजित किया गया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। आज के जी के महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी छात्र व छात्रा और मुंशी प्रेमचंद सांस्कृतिक क्लब ने योग महोत्सव के अंतर्गत योगासन का महत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




आज केजीके महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनसीसी छात्र व छात्रा और मुंशी प्रेमचंद सांस्कृतिक क्लब ने योग महोत्सव के अंतर्गत योगासन का महत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे अतिथि के रूप में प्रोफेसर गोविंद और प्रोफेसर ममता रानी उपस्थित रहे।

योग के बारे में छात्रों को जानकारी दी कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप कुमार, डॉक्टर संजय जौहरीने किया प्रोफेसर ममता रानी ने कहा कि योग के बिना शरीर को स्वस्थ नहीं रखा जा सकता प्रोफेसर गोविंद नौनियाल ने स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ शरीर की पहचान है और इसके लिए हमें प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। प्रोफेसर उपदेश चौहान ने भी शरीर को गंभीर बिमारियों से बचाने के लिए नित्य योग करना अति अवश्यक है। योग के बारे में छात्रों को जानकारी दी छात्रों ने भी उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया मौके पर चंद्रनश देव, पंचमुखी, दीपाली चक्रवर्ती, आंचल चौधरी, स्वाति रिया,नमन, विवेक पाल अतिथिगण व महाविद्यालय के सभी अध्यापक शामिल रहे।

# वृद्धावस्था पेंशन बनवाने के लिए आज से कैंप लगेगा समाज कल्याण विभाग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। जिलाधिकारी मुरादाबाद के निर्देशन में निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, दिव्यांग उपकरण योजना के अंतर्गत जनपद के सभी विकास खण्डों की न्याय पंचायतों में आज पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने के लिए कैम्प लगाए जायेंगे।



वृद्धावस्था पेंशन के लिए आज लगेंगे कैंप-कैम्प का आयोजन ब्लॉक स्तर पर सभी न्याय पंचायतों में किया जाएगा,इनमें मुरादाबाद, अगवानपुर, मूंढापांडे, अक्का डिलारी, ठाकुरद्वारा,बिलारी, नन्हूवाला, बेरनी, भगतपुर टांडा, छजलैट, मोड़ी हजरतपुर, डिलारी, बहेड़ी ब्रहमनान, डींगरपुर, महमूदपुर माफी आदि जगहों पर कैंप लगाया जाएगा।

पात्र महिला एवं पुरुषों के लिए इन कैम्पों में का आयोजन कराया जा रहा है। पात्र लोग योजना का लाभ पाने के लिए आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, अगर विकलांग हैं तो दिव्यांग प्रमाण साथ ही आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर लाना अनिवार्य होगा।

# विंडरमेयर थिएटर में आज की शाम सजेगी मुशायरे की महफिल

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। उर्दू शायरी और अदब के चाहने वालों के लिए 24 मई की शाम बेहद खास होने जा रही है, जब विंडरमेयर थिएटर के मंच पर एक यादगार महफि ल सजेगी। फहमी बदायूँनी फाउंडेशन के जरिए आयोजित इस खास शाम का नाम है जश्न-ए-शारिक कैफी, जिसमें बरेली के मूल निवासी और मशहूर शायर शारिक कैफी की नई किताब कब्रिस्तान के नल पर का इजरा (विमोचन) और उस पर चर्चा के साथ-साथ एक शानदार मुशायरा भी होगा। यह कार्यक्रम शाम 5:30 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मशहूर शायर और रेख्ता के मुख्य संपादक फरहत एहसास करेंगे, जो उर्दू शायरी की दुनिया में एक बड़ा नाम हैं। किताब पर चर्चा करने वालों में उर्दू साहित्य के जाने-माने लेखक और उपन्यासकार डॉ. खालिद जावेद, वरिष्ठ पत्रकार और लेखक प्रभात सिंह भी मौजूद रहेंगे, जो किताब की रचनात्मकता, विषय-वस्तु और सामाजिक सरोकारों पर विचार साझा करेंगे।

इस मुशायरे में देशभर के मशहूर शायर अपनी गजलों और नज्मों से महफि ल को रौशन करेंगे। श्रोताओं को एक अद्भुत साहित्यिक अनुभव देंगे।

# सीआरपीएफ जवान का घर लौटने पर स्वागत जंगल में युद्ध करना होता था मुश्किल





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। पाकिस्तान से युद्ध जीतने के बाद घर वापस लौटे सीआरपीएफ के जवान ओम प्रकाश चौधरी का महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान सीआरपीएफ जवान के परिजन भी मौजूद रहे।

जवान का घर लौटने पर महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने किया स्वागत -बिलारी साहू कुंज कॉलोनी निवासी सीआरपीएफ में तैनात सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात ओम प्रकाश चौधरी का महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने तिलक व मुंह मीठा कर किया स्वागत और सम्मान किया।पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद से युद्ध जीतने के बाद वापस घर लौटे सीआरपीएफ के जवान ओमप्रकाश चौधरी अपने पैतृक घर पहुंचे जहां पर परिजनों तथा क्षेत्रवासियों के चेहरों पर खुशी दिखाई थी।

जानकारी देते हुए सीआरपीएफ के जवान ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि पहाड़ों के जंगलों में रहकर दुश्मन से लड़ना बहुत मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कर्तव्य का पालन करते हुए अगर हमारी जान भी चली जाए तो हमें और हमारे परिवार को दुख नहीं होगा। इस दौरान गीता चौधरी अर्चना वैश्य, गीता गुप्ता, मंजू गुप्ता, गीत कोली, गोपाल आर्य, सतीश गुप्ता, मनीष कश्यप, राजकुमार कश्यप,राजकुमार चौधरी, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ठगी | एटीएम कार्ड बदलकर दो लाख से ज्यादा की ठगी

# तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद ।कांठ थाना क्षेत्र स्थित एक एटीएम से रुपये निकालने आए युवक के साथ किसी युवक ने बातों में उलझाकर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया और वहां से रफूचक्कर हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उस युवक ने उसके एटीएम से करीब दो लाख बत्तीस हजार पांच सौ रुपए निकाल लिए। युवक को जब अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने एटीएम केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे को फुटेज निकलवाई और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। फुटेज वायरल होने के बाद युवक ने आरोपी और उसके साथियों की पहचान कर ली। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



बातों में लगाकर एटीएम कार्ड बदल दिया-मिली जानकारी के अनुसार मामला कांठ थाना क्षेत्र स्थित एक एटीएम केबिन का है जहां बीती 4 मई को गांव सलेमपुर निवासी शाहरुख अपनी बहन का एटीएम कार्ड लेकर केनरा बैंक की एटीएम मशीन से पैसे निकालने आया था।इस एटीएम मशीन से शाहरुख ने उनतीस हजार रुपए निकाले। इसके बाद उसे मशीन से और रुपए निकालने थे इसलिए उसने एटीएम कार्ड मशीन में ही रहने दिया। इसी बीच वहां मौजूद युवकों ने शाहरुख को अपनी बातों में लगाकर एटीएम कार्ड बदल दिया। जब उस कार्ड से पैसे नहीं निकले तो वह अपने घर चला गया। जैसे ही शाहरुख घर पहुंचा तो उसके मोबाइल पर बैंक ट्रांजेक्शन के संदेश आने लगे। शाहरुख ने इस मामले में अनवर निवासी मोहल्ला मुफ्ती सराय थाना चांदपुर जनपद बिजनौर, दानिश निवासी मोहल्ला गिरी थाना लोनी गाजियाबाद और शाहनवाज निवासी हटवा पट्टी थाना डिडौली जनपद अमरोहा के खिलाफ कांठ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सीओ कांठ,-वहीं मामले पर जानकारी देते हुए सीओ कांठ अपेक्षा निंबाड़िया ने बताया कि कांठ थाने पर एक शिकायती पत्र प्राप्त हुआ था जिसमें एक युवक ने तीन युवकों पर उसका एटीएम कार्ड बदलकर अलग अलग जगहों से पैसे निकालने की बात बताई थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लिया जाएगा।

# ललितपुर के नाम एक और नेशनल अवार्ड

## जिलाधिकारी की मेहनत ला रही है रंग

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। जनपद के प्रशासनिक इतिहास में एक नया सुनहरा अध्याय जुड़ गया है, जब जिले को भारत सरकार द्वारा एक और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अथक मेहनत व दूरर्शिता का, उनके प्रयासों न केवल जिले को एक नई पहचान दिलायी है जिलाधिकारी ने अपने कार्यकाल में विकास को केवल एक आंकड़ा भर नहीं समझा बल्कि हर योजना और कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया। उन्होंने सभी विभागों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया कि सरकारी योजनाओं का लाभअन्तिम व्यक्ति तह पहुंचे। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, खेल, पेपजल, डिजिटल सेवाएं और स्वच्छता क्षेत्र में किये गए नवाचार और सुधार कार्यों ने निले को राष्ट्रीय पटल पर एक आदर्श के रुप में प्रस्तुत किया है। स्वच्छ भविष्य परियोजना के क्रियान्वयन में जिलाधिकारी की भूमिका अत्यन्त सराहनीय ही है, उन्होंने स्वयं निगरानी रखकर अधिकारियों और नगर पालिका के कर्मचारियों को प्रेरित किया, नियमित समीक्षा बैठकें की और स्वयं



नगर क्षेत्र में जाकर निरीक्षण किया, उनको जनसरोकार के प्रति संवेदनशीलता और सक्रिय भागीदारी ने स्वच्छता के कार्यों को गति और गुणवत्ता प्रदान की।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी अक्षय प्रियपाठी को ई-गवर्नेस अवार्ड 2024-25 में परियोजना भविष्य के लिए पीएम उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी के दूरदर्शिता और कुशल निर्देशन में ललितपुर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभिनय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधीन प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा ललितपुर नगर पालिका परिषद को ₹क्लीन फ्यूचर स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट फॉर सब्सटेनेबल बोध परियोजना के लिए नेशनल अवार्ड पर ई-गवर्नेस 2024-25 के तहत ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ललितपुर को ₹रिपलीकेशन एण्ड स्केलिंग अप ऑफ नेशनल अवाडेंड प्रोजेका श्रेणी में दिया गया है। जनपद की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को मान्यता देते हुए भारत सरकार द्वारा जिलाधिकारी व नगर पालिका परिषद को आगामी 9-10 जून 2025 को विशाखापत्तनम आंध प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय ई-गवर्नेस सम्मेलन में ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# पर्यावरण अनुकूल जागरूकता के लिए ली शपथ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

ललितपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार चतुवेर्दी द्वारा रेल प्रशासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पखबाड़ा में सभी रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने यात्रियों के साथ पर्यावरण अनुकूल जागरूकता लाने, अपनाने के लिए शपथ ग्रहण कर प्लास्टिक के उपयोग न करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए कार्य करने की शपथ ली। प्लेटफार्म संख्या 1,2 व 3 पर सभी यात्रियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को स्टेशन प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार चतुवेर्दी, सीसीआई संजय चौबे, सीटीआई संजय सोनकर, उप स्टेशन प्रबंधक राघवेन्द्र, रेलवे कर्मचारी शिवशंकर सोनी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त वाणिज्यकर एवं परिचालन कर्मी, प्राइम क्लीनिंग सर्विस मैनेजर दीपक सिंह ठाकुर, सुपरवाइजर संतोष सिंह, सफाई मित्र सागर, प्रशान्त, अमन, नेहा, प्रीति, ममता, रानी, अनीता, बच्चू, वन्दना आदि ने प्रतिभाग किया।

# कोंच लूट कांड को लेकर डीआईजी झांसी से मिले व्यापार मंडल पदाधिकारी

## अगर जल्द खुलासा ना हुआ तो लखनऊ में होगा बड़ा आंदोलन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

जालौन, कोंच। कस्बे में स्थित नवीन ज्वैलर्स पर कुछ समय पूर्व दिनदहाड़े 5,6 नकाबपोश बदमाशों द्वारा हुई सनसनीखेज लूट की घटना को लेकर भारतीय व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर प्रवीण प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व्यापार संघ के राजेश चौधरी एवं प्रदेश प्रभारी डॉ ओम प्रकाश गुप्ता एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। लूटकांड का अभी तक कोई खुलासा न होने पर भारतीय व्यापार संघ एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश प्रभारी डॉ ओम प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने झांसी के डीआईजी केशव कुमार चौधरी से भेंट की और उन्हें स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर माल बरामद नहीं किया गया तो राज्य व्यापी आंदोलन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर होगी। इससे न सिर्फ व्यापारियों में भय का माहौल है बल्कि जनपद की कानून व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है। प्रदेश प्रभारी गुप्ता ने इस स्थिति को 'पुलिस की शर्मनाक विफलता' करार देते हुए कहा कि ऐसे समय में जब व्यापारी पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं इस प्रकार की घटनाएं उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करती हैं। उन्होंने झांसी में डीआईजी केशव कुमार चौधरी से भेंट कर कोंच लूटकांड सहित झांसी मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अन्य आपराधिक घटनाओं की सूची सौंपी। इन घटनाओं का वर्षों से कोई खुलासा नहीं हो सका है जो पुलिस प्रशासन की गंभीर विफलता को दशार्ता है। मुलाकात के दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि यदि जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापार मंडल पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगा। हमारा मानना है कि समय रहते जालौन पुलिस ने जल्द खुलासा नहीं किया तो व्यापारी समाज का यह आंदोलन प्रदेश की राजनीति और प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है।

# रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

ललितपुर। आईटीआई परिसर में रोजगार मेला, प्लेसमेन्ट-डे का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र 11 प्रशिक्षार्थी शामिल हुये। विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रशिक्षार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार लेकर कुल सात प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। इनमें आईटीआई ललितपुर से 2, तालबेहट से 3, महरौनी व पाली से एक-एक प्रशिक्षार्थी चयनित हुआ। नोडल प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र ने प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों को बताया कि हुनरमन्द एवं अनुभव से युक्त योग्य एवं कुशल व्यक्ति को रोजगार से सम्बन्धित कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। इस दौरान प्लेसमेंट प्रभारी चन्द्रभान प्रजापति, अनुदेशक बबीता सिंगरया, अनुदेशक शिवम सेन मौजूद रहे।

# हाथ में नारियल और दंडवत परिक्रमा...एसडीएम कार्यालय पहुंचा पीड़ित, बिजली विभाग के लिपिक से शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। बिजली कनेक्शन का भार बढ़ाने को लेकर पीड़ित एसडीएम कार्यालय पहुंचा। वह जिस तरीके से पहुंचा, उसको लेकर हर ओर चर्चा है। पीड़ित बिजली विभाग के लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

मथुरा के मांट में विद्युत निगम ने एक उपभोक्ता के कनेक्शन का मनमाने तरीके से भार बढ़ा दिया। आरोप है शिकायत करने पर लिपिक रिश्वत मांग रहा है। पीड़ित नारियल लेकर दंडवत परिक्रमा कर तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचा।

सुरीर कलां निवासी रमाकांत पाठक हाथ में नारियल लेकर दंडवत परिक्रमा करते हुए एसडीएम



कार्यालय पहुंचा। एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में विद्युत निगम पर मनमाने तरीके से घरेलू कनेक्शन का भार बढ़ाने और सही कराने के नाम पर अधिशासी अभियंता के लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। बताया कि उनके बुजुर्ग पिता मनीराम छह माह से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

एसडीएम अभिनव जे जैन ने मामले का एक सप्ताह में समाधान कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 23 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गये ग्राम पंचायत अधिकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। जनपद में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है, भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा जनपद में कई बार कई अधिकारियों कर्मचारियों को रंगे हाथों धर दबोचा है, लेकिन फिर भी सरकारी दफ्तरों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों में बिल्कुल भी भय दिखाई नहीं दे रहा है इसके बाद भी हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे है, गुरुवार को एक नया मामला सामने आया है जिसमें कोतवाली क्षेत्र अतंर्गत ग्राम पनारी के ग्राम पंचायत अधिकारी को एक किसान से 23 हजार की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई ने ग्राम पंचायत अधिकारी को रंगे हाथ 23 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

# कृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को ध्वस्त कर बनाई मस्जिद, घोषित किया जाए विवादित ढाचा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह मंदिर को ध्वस्त कर बनाई मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित कराने की याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट में हिंदू पक्ष संभल और अयोध्या प्रकरण को नजीर के रूप में पेश करेगा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के वादी एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने के लिए हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। मस्जिद पक्ष ने भी इसके



जवाब में अपना पक्ष कोर्ट में रखा था। छह मई को हाईकोर्ट के न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्र की अदालत में सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि मस्जिद पक्ष की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के मामले को लंबा खींचने का प्रयास किया गया। कोर्ट ने दोनों ही पक्षों से इस मामले को लेकर पूरी तैयारी के साथ 23 मई को दोपहर दो बजे हाजिर होने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि राम मंदिर, बाबरी मस्जिद प्रकरण में कोर्ट ने निर्णय से पहले बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था।

# व्रन्दावन के हेलीपैड ग्राउंड में शंन्नो शुक्ला द्वारा योग शिविर का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। व्रन्दावन में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के लिए लोगो को योग के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक शंन्नो शुक्ला द्वारा जनपद मथुरा मे विभिन्न स्थनो पर योग शिविर लगाया जा रहा है। इसी क्रम मे आज हेली पैड ग्राउंड वृन्दावन मे योग शिविर का आयोजन किया गया ।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ गोपाल सिंह के दिशा निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश विश्वकर्मा के मार्गदर्शन मे आज आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक शन्नो शुक्ला द्वारा जिसमे लोगो को सूक्ष्म व्यायाम की क्रियाये,जिसमे ग्रीवा, चालन कटि चलान,वक्रा सन, कपालभति तथा नाड़ी शोधन, भ्रामरी, शीतली, सीतकरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया जिसमे बड़ी संख्या मे लोगो ने भाग लिया।

# दंडवत परिक्रमा करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा युवक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। मांट में विद्युत निगम ने एक उपभोक्ता के कनेक्शन का मनमाने तरीके से भार बढ़ा दिया। आरोप है शिकायत करने पर लिपिक रिश्वत मांग रहा है। पीड़ित नारियल लेकर दंडवत परिक्रमा कर तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचा। सुरीर कलां निवासी रमाकांत पाठक हाथ में नारियल लेकर दंडवत परिक्रमा करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा। एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में विद्युत निगम पर मनमाने तरीके से घरेलू कनेक्शन का भार बढ़ाने और



सही कराने के नाम पर अधिशासी अभियंता के लिपिक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। बताया कि उनके बुजुर्ग पिता मनीराम छह माह से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। एसडीएम अभिनव जे जैन ने मामले का एक सप्ताह में समाधान कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कारागार के बंदी बनेंगे बॉडी बिल्डर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। जिला कारागार में सजा काट रहे बंदी अब बॉडी बिल्डर बनेंगे। जेल में बंदियों के लिए ओपन जिम बनाई गई है। बृहस्पतिवार को जिला जज और एसएसपी ने फीता काटकर ओपन जिम का उद्घाटन किया। जिला जज विकास कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुरेंद्र प्रसाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज और एसएसपी श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि बंदियों की मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए लगातार कार्यक्रम




किए जा रहे हैं। बंदियों के शरीर को बलिष्ठ बनाने और उन्हें मानसिक तनाव से दूर रखने के लिए ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। जिला जज, सीजेएम तथा एसएसपी ने बंदियों द्वारा तैयार की गई ठाकुरजी की पोशाक देखी। इसके साथ ही बंदियों द्वारा जेल में तैयार की जा रही अन्य वस्तुओं को भी देखा। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर जेल के हालात के बारे में भी जानकारी की। कारापाल सुशील कुमार वर्मा, उपकार पाल दुर्गेश प्रताप सिंह, अनूप कुमार, करुणेश कुमारी, चिकित्साधिकारी डॉ. उपेंद्र पाल सिंह सोलंकी, फार्मासिस्ट सुभाष द्विवेदी आदि मौजूद थे।

# राधाकुंड में मिला मेड इन पाकिस्तान का पंखा मच गया बवाल, LIU संग जांच में जुटी गोवर्धन पुलिस

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। मथुरा के ाधाकुंड क्षेत्र में एक ऐसा पंखा मिला, जिस पर मेड इन पाकिस्तान लिखा हुआ था। इसकी जानकारी मिलने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची गोवर्धन पुलिस और एलआईयू जांच में जुट गई है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले बाद से यूपी के धार्मिक स्थलों में खुफिया एजेंसी अलर्ट हैं। बीते दिनों मथुरा के नौहझील में ईंट भट्टों से एलआईयू ने 90 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर कार्रवाई





की। इस कार्रवाई के बाद पुलिस और एलआईयू ने ढील डाल दी। वहीं राधाकुंड में आतंक के खिलाफ लोग एकजुट हुए। इन लोगों ने साधुवेश में छिपे घुसपैठी बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसएसपी के नाम पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। इन लोगों ने बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा उपयोग किए जा रहे मेड इन पाकिस्तान लिखे उपकरणों के फोटो ग्राफ दिए। नगर पंचायत के भाजपा सभासद भोला दुबे और भुवनेश शर्मा ने बताया कि राधाकुंड में लंबे समय से साधुवेश में बांग्लादेशी छिपे हुए हैं, जिनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पाकिस्तानी पंखा मिलने की जानकारी मिली है। पंखं कहां से आया इसकी जांच के लिए एलआईयू और गोवर्धन पुलिस पूछताछ कर रही है।

# भाकियू पदाधिकारियों व किसानों ने किया बिजलीघर का घेराव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। विद्युत आपूर्ति बहाल न होने से आक्रोशित भाकियू पदाधिकारियों ने किसानों को साथ लेकर पंजीठ बिजलीघर का घेराव किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अवर अभियंता को खूब खरी-खोटी सुनाई।

शुक्रवार को प्रातः करीब साढ़े दस बजे भारतीय किसान यूनियन में मण्डल अध्यक्ष राजेश प्रधान भाकियू पदाधिकारियों एवं दर्जनों किसानों को साथ लेकर पंजीठ में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने विद्युत आपूर्ति बहाल न किये जाने पर बिजलीघर का घेराव किया। घेराव करने पहुंचे लोगो ने मौके पर मौजूद अवर अभियंता पर खूब भड़ास



निकाली। भाकियू मंडलाध्यक्ष का कहना है कि विगत बुधवार देर शाम आये आंधी-तूफान से सहपत के जंगल में विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी सूचना बिजलीघर पर दी गई थी। परन्तु, विद्युतकर्मियों ने घोर लापरवाही का परिचय देते हुए विद्युत लाइन को दुरुस्त नही किया। आखिकार पीड़ित किसानों ने मजबूर होकर क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइन को स्वयं ही ठीक करना पड़ा। इसके बावजूद भी पूरे दिन विद्युत आपूर्ति बहाल नही की गई। विद्युतकर्मियों की हठधर्मिता व निरकुंशता से आक्रोशित किसानों का गुस्सा फूट पड़ा, जिसके चलते उन्हें बिजलीघर का घेराव करना पड़ा। हालांकि लोगो के आक्रोश को भांपकर विद्युतकर्मियों ने उसी समय सप्लाई चालू कर दी। राजेश प्रधान ने एसडीओ कैराना अमित कुमार गुप्ता को फोन पर विद्युतकर्मियों की लापरवाही के बारे में अवगत कराया, जिस पर एसडीओ ने भाकियू पदाधिकारियों एवं किसानों को इसकी पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाकियू मंडल सचिव पुष्कर सैनी व ब्लॉक अध्यक्ष मेहरदीन तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान, बिल्लू प्रधान, रफल सिंह, मिनिस्टर, अजय, मिट्ठू आदि मौजूद रहे।

# हर्दयगति रुकने से प्रोपर्टी डीलर का आकस्मिक निधन, कोहराम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। गांव कण्डेला निवासी अरविंद चौहान उर्फ बबलू की हर्दयगति रुकने से आकस्मिक मौत हो गई। वह करीब 48 वर्ष के थे। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव कण्डेला निवासी अरविंद चौहान उर्फ बबलू प्रोपर्टी डीलिंग का कार्य करता था। गुरुवार देर रात्रि अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें शामली के निजी चिकित्सक के पास ले गए।



जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रोपर्टी डीलर की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। मौत का कारण हर्दयगति रुकना बताया जा रहा है। शुक्रवार को गमगीन माहौल में मृतक के शव का गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके इकलौते पुत्र अभिषेक ने अपने मृतक पिता की चिता को मुखाग्नि दी। अरविंद चौहान चार भाइयों में सबसे छोटे थे। वह विनम्र, सहज एवं सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से गांव में शोक व्याप्त है।

# डांगरोल में परिवार पर हमला, दो घायल

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

कांधला।पड़ोसी के घर से बेटे को बुलाने गए परिवार के लोगों पर गांव के ही दबंग लोगों ने लाठी डंडों से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के दौरान दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर 5 लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करा दिया है।

घायलों की चिंताजनक हालत को देखते हुए दोनों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष में राजेन्द्र, राहुल, निशु, अंकुश सहित चार लोग के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना के संबंध में पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पारिवारिक लोगों पर जान से मारने को धमकी का आरोप।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला।थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड़डा निवासी नईम ने गांव निवासी पारिवारिक दो युवकों पर गाली गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था,आरोप है कि इसी दौरान उक्त दोनों आरोपी मौके पर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि उक्त युवकों ने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने आरोपी युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्राम पंचायत ताहिरपुर भभीसा मे ग्राम चौपाल का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में एक चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव ने की।

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में चौपाल का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी) जी एस वर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत सीसीएल , युवा उधमी योजना आदि की विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दी और फैमली आईडी बनवाने के लिए कहा। पीएम आवास योजना अन्तर्गत सर्वे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अनिल कुमार ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओ वृद्धा पेन्शन, विधवा पेंशन, दिव्याग पेन्शन, सामुहिक विवाह अनुदान योजना आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।ग्राम चौपाल मे



सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार ने ग्राम वासियो को किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर आईडी, सोलर पम्प योजना, राजकीय बीज भण्डार पर किसानो को मिलने वाली सुविधा के साथ ही कृषि यंत्रीकरण व फसल अवशेष प्रबंधन, जल संरक्षण की जानकारी दी।राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय से डॉक्टर सुधीर मलिक ने मौसम परिवर्तन से होने वाली बीमारियो से निजात, पित्त और कफ के बारे मे जानकारी देते हुए जागरूक किया। आपूर्ति निरीक्षक योगेश कुमार ने रसद व खाद्य विभाग की जानकारी ग्रामवासियो को दी।चौपाल मे जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव ने ग्रामीणो की समस्याओं को सुना और शीघ्र निस्तारण का आश्वाशन दिया। चौपाल मे जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव ने ग्रामीणो की शिकायत को 15 दिन में निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को सख्त निर्देश दिए है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान हरेन्द्र सिंह, पंचायत सचिव अनुज तोमर, विनीत, अमित, राजबीर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के एनसीआर उपाध्यक्ष बने आमिर अली



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कैराना। गांव गोगवान निवासी आमिर अली को भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) का नेशनल कैपिटल रेंज(एनसीआर) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, डॉ. आशु चौधरी, दीपक चौधरी, आसिफ अली व नदीम चौहान को भी एनसीआर उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने उपरोक्त सभी को यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन व चौधरी टिकैत साहब की नीतियों एवं कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार तथा मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# तिरंगा यात्रा का आयोजन,यहीं है नये भारत की पहचान



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

शामली । कैराना विधानसभा के कस्बा झिंझाना में भारत सरकार/भारतीय सेना के द्वारा आंतकवाद के विरोध में किए गए ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ के समर्थन हेतु आयोजित ₹तिरंगा यात्रा₹ के मुख्य अतिथि अनिल चौहान पूर्व प्रत्याशी कैराना रहे। कार्यक्रम में उपस्थित बंटी चौधरी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, सत्यपाल सिंह, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, निवेश चौधरी ,राजकुमार शर्मा ,जिला महामंत्री किसान मोर्चा, गोपाल चौहान जिला मंत्री भाजपा, कैराना विधानसभा के मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे डॉ रोहित तोमर डॉक्टर जितेंद्र चौधरी, अर्जुन पंडित आदि भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भड़ी में पुराना विवाद बना खूनी संघर्ष

# भरे बाजार में दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, तीन महिलाएं घायल

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

चौसाना। मजरा भड़ी में शुक्रवार को पुराना विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। तेवर और फुरकान पक्ष के बीच कई दिनों से चल रहे विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया जब महिलाओं के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि बाजार में एक युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए हैं। बताया गया कि तेवर पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोगों ने फुरकान पक्ष की महिलाओं के साथ मारपीट की, जिससे तीन महिलाएं घायल हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने फन्नी को



दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे बाजार में भगदड़ मच गई। सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर फन्नी को हमलावरों से बचाया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही हमलावर भागने लगे। पुलिस ने दो युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि बाकी फरार हो गए। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौसाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें बेकाबू, पुलिस मूकदर्शक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

चौसाना। एक ओर जहां पुलिस सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त होने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर चोर बेलगाम हो चुके हैं। बीती रात चौसाना क्षेत्र के दो गांवो भड़ी और जिजौला में चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। पीड़ितों ने तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

भड़ी गांव के इंतजार ने बताया कि उसने अपनी बुग्गी सरपंच बिट्टू के घेर में खड़ी की थी। यह कोई मामूली चोरी नहीं है, चोर पूरे इत्मीनान से



आए और टायर-रीम खोल ले गए। चौसाना पुलिस को तहरीर दी है, पर अभी तक सिर्फ जांच का भरोसा ही मिला है।

वहीं, जिजौला निवासी जम्मल के घेर से एक बकरा चोरी हो गया। जम्मल ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने बकरी-बकरों को बांधकर सो गया था। सुबह उठकर देखा तो एक बकरा नदारद था। पुलिस का कहना है तहरीर मिली है और जांच जारी है।

# बरखंडी रोड पर बुर्कानशी एक युवक को दबोच लिया गया। बुर्का पहनकर किसी अनहोनी घटना को कारित करने की आशंका

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के बरखंडी रोड पर बुर्कानशी एक युवक को दबोच लिया गया। बुर्का पहनकर किसी अनहोनी घटना को कारित करने की आशंका व्यक्त करते हुए लोगों ने युवक को पकडकर पुलिस को जानकारी दी, लेकिन पुलिस घंटों तक नही पहुंची, जिसके बाद युवक मौके से फरार हो गया।

शुक्रवार सवेरे शहर के मौहल्ला बरखंडी रोड स्थित वीरों वाला मंदिर के निकट कुछ युवक खडे आपस में बातचीत कर रहे थे। बताया जाा है कि इसी दौरान एक बुर्का पहने युवक वहां से गुजरा और मंदिर की ओर दौड पडा। पहले से लोगों ने उसको कोई महिला सोचा,



लेकिन उसके चाल ढाल और दौडने की स्पीड को देखकर लोगों को उस पर शक हुआ। लोगों ने उसको आवाज लगाकर रोकना चाहा तो अचानक उसका बुर्के से मुंह खुल गया, जिसमें युवक निकला। जिसको वहां मौजूद लोगों ने दबोच लिया। देखते ही देखते मुस्लिम समाज के युवकों की भीड एकत्रित हो गई और उन्होने उक्त युवक पर बुर्का पहनकर किसी अनहोनी घटना को कारित करने की आशंका व्यक्त करते हुए उसको दबोच लिया। मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस घंटों तक भी नही पहुंची। बाद में युवक चकमा देकर फरार हो गया। युवक की पहचान सुनील निवासी यमुनानगर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह मौहल्ला नंदूप्रसाद में किसी रिश्तेदारी में आया हुआ था। बुर्का पहनकर सुनील के पकडे जाने से जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस से जांच कर कार्यवाही की मांग की है वही खूफिया विभाग में मामले जांच कर रहा है।

# निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण किया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली गई। परेड में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गयी। इसके बाद महोदय द्वारा अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किये गये एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप सिंह मौर्य, क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र कुमार व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण वर्ग में विद्या भारती की भूमिका एक रेखाकंन का कार्यक्रम सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रान्तीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग में विद्या भारती की भूमिका एक रेखाकंन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद व संचालन रेणु चौधरी ने किया। उन्होने बताया कि सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज शामली में प्रान्तीय खेलकूद प्रशिक्षण वर्ग 21 मई से 25 मई तक सम्पन्न होगा। उक्त वर्ग में मेरठ प्रान्त के 14 जनपदों के विद्या भारती से सम्बद्ध रखने वाले इण्र कालेज के 55 शारीरिक शिक्षक योजनाबद्ध प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस प्रशिक्षण वर्ग में तीन खेलों ऐथेलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो का प्रशिक्षण प्राप्त कराया जा रहा है। उक्त वर्ग में क्षेत्रीय शारीरिक एवं खेलकूद प्रमुख सत्यपाल सिंह ने विशेष सत्र में समस्त शिक्षकों को प्रशिक्षण वर्ग की प्रासांगिकता बताते हुए विद्या भारती की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में शिक्षा जगत में विद्या भारती के योगदान पर विस्तृत चर्चा करते हुए उसके लक्ष्य को आत्मसात करने की प्रेरणा प्रदान की। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें शारीरिक और मानसिक दोनों पहलू शामिल है।

# रवीन्द्र बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय चंवरा का विज्ञान संकाय और कला वर्ग का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार

**नेशनल प्रेस टाइम,ब्यूरो।**
झुंझुनूं चंवरा। गुरुवार शाम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी विज्ञान संकाय और कला वर्ग में गांव के रविंद्र बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार और सत प्रतिशत रहा। शुक्रवार को विद्यालय स्टाफ द्वारा टॉपर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए फूलमाला पहनाकर साफा बंधवाकर मिठाई खिलाकर समारोहपूर्वक भव्य अभिनंदन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विज्ञान वर्ग की छात्रा निमिषा कंवर पुत्री सतीश सिंह ने



95.20% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही कला वर्ग में अलका कुमारी पुत्री अशोक कुमार ने 95.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय में विज्ञान व कला वर्ग में 14 विद्यार्थियों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है। वही विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा है। टोपर विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता-पिता और गुरुजनों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन को दिया। इस दौरान विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं सहित समस्त स्टाफ और अभिभावक गण मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने किया फूल बाग एवं चोपानकी थाना भिवाड़ी का निरीक्षण, कानून व्यवस्था की ली जानकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**
खैरथल-तिजारा, 23 मई। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने शुक्रवार को फूल बाग थाना भिवाड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था, सुरक्षा उपायों और पुलिस संसाधनों की व्यापक समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पुलिस बटालियन से सलामी ली और तत्पश्चात थाना परिसरों का भ्रमण किया। उन्होंने बंदीगृह, मालखाना, रिकॉर्ड शाखा और शिकायत कक्ष जैसी प्रमुख इकाइयों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई, सुरक्षा और व्यवस्थापन पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ सुधारात्मक निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने थाने में दर्ज होने वाले प्रमुख आपराधिक मामलों की प्रकृति की जानकारी ली और हाल ही में दर्ज मामलों की प्रगति एवं समाधान स्थिति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पुलिस बल की उपलब्धता, तैनाती, रिक्त पदों की स्थिति और उनकी भरती प्रक्रिया की भी समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रिकालीन गश्त और सामुदायिक पुलिसिंग को और प्रभावी बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने किया विभिन्न कार्यालयों का का निरीक्षण

## जनहित में पारदर्शिता और समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों
खैरथल-तिजारा, 23 मई। जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को किशनगढ़ बास तहसील, नगर परिषद खैरथल एवं उप पंजीयन कार्यालय टपूकड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन के कार्यों को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए।

तहसील किशनगढ़ बास में निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, धारा 91, 90ए एवं म्यूटेशन से जुड़े प्रकरणों के शीघ्र



निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही सीमाज्ञान, सहमति एवं बंटवारे के मामलों को प्राथमिकता से सुलझाने पर बल दिया। तहसील भवन की खराब स्थिति को देखते हुए उन्होंने उपखंड अधिकारी व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अभियंता को अविलंब मरम्मत कार्य कराने के निर्देश भी दिए।

नगर परिषद खैरथल के निरीक्षण में कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने, रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता बरतने एवं सभी शाखाओं में नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने टपूकड़ा स्थित उप पंजीयन कार्यालय का निरीक्षण किया और तहसीलदार को पुराने प्रकरणों की वसूली करने तथा राजस्व लक्ष्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव, तहसीलदार नरेंद्र कुमार भाटिया, तहसीलदार शैतान सिंह यादव, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा

# पुलिस ने महज दो घण्टों में ही कर दिया लूट की वारदात का पदार्फाश

## मुण्डनवाड़ा गांव के मिनी बैंक में दिनदहाड़े हुई थी लूट

**नेशनल प्रेस टाइम,ब्यूरो।**
खैरथल-तिजारा: जिले के मुण्डावर थाना क्षेत्र के मुंडनवाड़ा गांव में गुरुवार दोपहर तीन नकाबपोश बदमाशों ने पंजाब नेशनल मिनी बैंक में घुसकर पिस्टल दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया . गांव में दिन दहाड़े हुई लूट के बाद हड़कंप मच गया. लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. ग्रामीणों ने लूट की सूचना मुंडावर पुलिस को दी. पुलिस ने क्षेत्र में नाकेबंदी कराई. यह वारदात एक मिनट में हो गई. सारा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया. मिनी बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया कि तीन नकाबपोश बदमाश बैंक के अंदर आते है और आते ही एक युवक के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं. पास बैठे दूसरे युवक ने जब



विरोध किया तो दो अन्य बदमाशों ने हथियार निकाल कर दोनों युवकों पर तान दिए. महज एक मिनट में गल्ले और उसके नीचे छोटे बैग में रखी नकदी लेकर फरार हो गए. पुलिस ने नाकाबंदी कर मुण्डनवाड़ा से हुलमाना गांव की ओर जाते संदिग्धों का पीछा किया तो मोटरसाइकिल छोड़ वो भागने लगे,पेड़ों पर चढ़ने लगे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी अंकित, मोनू और विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त रिवॉल्वर व देशी कट्टा व लूट की राशि बरामद की जानी बाकी है पुलिस के अनुसार आरोपियों पर पूर्व में लूट के मामले दर्ज है पुलिस की मुस्तैदी से वारदात का पदार्फाश महज दों घण्टे में ही हो गया लोग पुलिस की प्रशंसा कर रहे है

# पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति मे आयोजित हुई काव्य संध्या

**मध्य प्रदेश सिंगरौली विकास दुबे।**
सिंगरौली। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला मे गुरुवार की सायंकालीन बेला मे एक काव्यांजलि का आयोजन भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में हुआ। काव्यांजलि के इस अवसर पर क्षेत्र के नामी कवियों ने अपनी सहभागिता दी तथा विभिन्न काव्य रचनाओं के माध्यम से लोकमाता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके लोककल्याण के कर्मों का बखान किया। इस काव्य संध्या पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा श्रोतागण उपस्थित रहे एवं काव्य रस का आनंद लिया।



जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि काव्य संध्या का शुभारंभ लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर तथा पितृ पुरुषों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ उसके बाद पधारे कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं से लोकमाता को श्रद्धांजलि दी तथा विभिन्न विषयों पर कविता से संध्या को सुशोभित किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ कवि सुरेश गुप्ता जी ने की तथा गोष्ठी का संचालन कवि अनुज शुक्ला ने किया । अन्य कवियों में प्रवेंद्र दुबे चंचल, नारायण दास विकल, सुश्री विभा तिवारी, मनोहर लाल वर्मा उपस्थित रहे। काव्यपाठ के बाद जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने समस्त गणमान्य कवियों का शाल एवं श्रीफल प्रदान कर उनका सम्मान किया तथा अपने वक्तव्यों के माध्यम से कवियों का आभार व्यक्त किया।

इस सम्मेलन मे मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सह संयोजक एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, टोली सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष आशा यादव, सरोज शाह, पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार, जिलामंत्री पूनम गुप्ता, अरविंद तिवारी, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, दिवस प्रभारी मुकेश तिवारी, वरिष्ठ नेता नरेश शाह, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, सुनील सिंह गहरवार, सुरेश गिरि, मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, नीरज पांडेय, मनोज शाह, भागवत जायसवाल, विनोद सिंह कुरूवंशी, कमलेश शाह, वरिष्ठ नेत्री आशा गुप्ता, मीना चौबे, युवा कार्यकर्ता अशोक शाह, अनिल शाह, विक्रम सिंह चंदेल, शशांक विक्रम सिंह, अर्जुन शाह, अशोक जायसवाल, संजय दुबे, नीरज चौबे, लाल बाबू वैश्य समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# नोबेल स्कूल दांतारामगढ़ का 12 वी बोर्ड का उत्कृष्ट परिणाम

## शहर में निकाला विजय जुलूस।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
सीकर, दांतारामगढ़। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। कस्बे की नोबल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों का संस्थान द्वारा माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। वही गुरुजनों का भी माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया तथा मिठाई खिलाई गई। रामगढ़ से दांता तक डीजे व रथ में प्रतिभावान विद्यार्थियों को लेकर जुलूस निकाला गया। निदेशक ने बताया कि विज्ञान वर्ग में राहुल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है । राहुल नागौरा ने राजस्थान



माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं विज्ञान परीक्षा परिणाम में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की । राहुल नागौरा के पिता पूरणमल नागौरा व माता संतोष देवी है ने बताया कि राहुल पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहा है। राहुल की इस उपलब्धि पर परिवार सहित स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र विद्यार्थी व एमडी श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि राहुल शुरू से ही एक मेहनती और अनुशासन छात्र रहा है । उनकी उपलब्धि से अन्य छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी । वही विज्ञान वर्ग में कैलाश यादव 97 प्रतिशत, दीपक मीणा 96 प्रतिशत सरिता यादव 95.80 प्रतिशत, निकिता 95.40 प्राप्त किया। इसी विद्यालय की 12वीं कला वर्ग की छात्रा योगिता कंवर पुत्री योगेश सिंह सोलंकी ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बीजूल नदी में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

# नागरिकों को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी हैः डी.के शर्मा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा आज बीजूल नदी पर बने नगर निगम के वाटर ट्रीटमेंट प्लाट का औचक निरीक्षण किय गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त ने प्लांट के कर्मचारियों से पानी को साफ करने व शुद्ध जल की सप्लाई के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

निगमायुक्त ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक नागरिको निर्बाध वा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी है। इस लिए जरूरी के वाटर सप्लाई से संबंधित सभी व्यवस्थाए सुचारू रूप से संचालित रहे। निगमायुक्त के द्वारा निरीक्षण के दौरान नदी के जल स्तर आदि की भी जानकारी लेने के पश्चात संबंधित



अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गर्मी के मौसम में नागरिको को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ निगमायुक्त के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लाट मे लगे जल सोधन संयत्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त के द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए निर्बाध जल आपूर्ति के लिए इस आशय के भी निर्देश दिए गए कि जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सभी तैयारिया रखे ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समाधान किया जा सके उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट सहित नदी की साफ सफाई कराये जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त के द्वारा वाटर सप्लाई लाईन का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री दीपक कंवर, दिनेश सोलंकी,राजस्व प्रभारी मोरवा जोन आर बी सिंह, स्वच्छता निरीक्षक राजीव सिंह उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में देश में दो तरह का कानून बन चुका है एक भाजपा के हित में और दूसरा कांग्रेस एवं आम जन के विरोध मेंः सुदामा प्रसाद कुशवाहा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
सिंगरौली । भाजपा के नेता चाहे देश की सेना का अपमान करें, चाहे आम जनता पर दिनदहाड़े गोली चलाएं, चाहे देश की महिलाओं बालिकाओं के छेड़छाड़ बलात्कार करे या फिर कितना भी संगीन अपराध करें उन्हें पुलिस के द्वारा खुला छूट है। उक्त उद्गार है जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा व अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साकेत एवम पार्षद रामगोपाल पाल का सभी ने संयुक्त बयान में कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आपकी पुलिस सेना का अपमान करने वाले भाजपा के मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर सकी किंतु उसी अपमान के विरुद्ध आवाज उठाने वाले मध्य प्रदेश



कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम शिरोमणि शाहवाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीबद्ध कर आनन फानन में गिरफ्तारी भी कर ली गई। मध्य प्रदेश में अब सेना के अपमान के विरुद्ध आवाज उठाना भी अपराध हो गया है, कांग्रेस नेता अब अपमान के विरुद्ध आवाज भी नहीं उठा सकते? भाजपा सरकार में देश में दो तरह का कानून बन चुका है एक भाजपा के हित में और दूसरा कांग्रेस एवं आम जन के विरोध में ,यह सिर्फ एक गिरफ़्तारी नहीं, यह लोकतंत्र की हत्या है। इस अन्याय में, हम लोग और समस्त कांग्रेस पार्टी रामशिरोमणि शाहवाल के साथ मजबूती से खड़ी है। यह कार्यवाही एक व्यक्ति के नहीं पूरी न्याय व्यवस्था के विरुद्ध है पूरी कांग्रेस पार्टी भाजपा के दबाव में की गई इस प्रक्रिया के खिलाफ कांग्रेस नेता रामशिरोमणि शाहवाल और न्याय के साथ एकजुट है।

# एसपी प्रभात कुमार ने की पाकुड़ मुफस्सिल थाना का निरीक्षण, दिया निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड के पाकुड़ एसपी इन दिनों काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। लगातार की जा रही थाना का निरीक्षण से (जिला ) पुलिस महकमे में हड़कंप का आलम है। जिले के पुलिस महकमे की सभी विंग्स में कार्यरत पुलिस कर्मी सकते में हैं कि कहीं पुलिस अधीक्षक का दस्तक हमारे कार्यालय में तो नहीं? पुलिस अधीक्षक के द्वारा लगातार थाना अन्य का औचक निरीक्षण से पुलिस कर्मी भी पहले से ज्यादा एक्टिव के साथ क्रियेटिव भी नजर आ रहे हैं। वही पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने लगातार दुसरे दिन भी थाना का निरीक्षण किया। लेकिन इस बार पुलिस अधीक्षक प्रभात



कुमार ने पाकुड़ मुफस्सिल थाना का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ने हर एक बिन्दुओं की बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ प्रभात कुमार के द्वारा मुफ्फसिल थाना का वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित कांडों का विस्तृत समीक्षा करते हुए समयावधि में ही सभी अनुसंधान की कारवाई पूर्ण कर त्वरित निष्पादन करने का आदेश दिया गया। ज्यादा से ज्यादा कांडों को समयावधि में ही उद्भेदन करने का भी आदेश दिया गया।

थाना अभिलेखों/पंजीयों/संचिकाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान पाये गये त्रुटियों को सुधार करने का आदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त थाना भवन, बैरेक, सुरक्षा बलों के लिए उपलब्ध मूलभूत अवश्यकता की भी समीक्षा की गई। थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया।

# विधायक निशात आलम ने महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक में की शिरकत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड विधानसभा परिसर में महिला एवं बाल विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति कल्पना मुर्मू सोरेन ने की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित योजनाओं, नीतियों और जमीनी कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में उल्लेखनीय समिति की सदस्य विधायक निशात आलम, ममता देवी, पूर्णिमा दास साहू एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सकारात्मक सुझावों और मुद्दों पर गंभीर चर्चा की, जिससे महिला



और बाल हित से जुड़ी योजनाएं और भी प्रभावशाली बन सके।

# अभिवंचित वर्गों के बच्चों के नामांकन प्रक्रिया हेतु की समीक्षात्मक बैठक



**नेशनल प्रेस टाइम्स**
अभिवंचित वर्गों के बच्चों के नामांकन कीयूरो, पाकुड़ (झा०खं०), समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आरटीई एक्ट के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत अभिवंचित वर्गों के बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया की समीक्षात्मक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने निर्देश दिया कि जिन बच्चों के अभिभावकों ने जन्म प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र जमा किए हैं, उनकी जांच एक सप्ताह के अन्दर पूरी कर ली जाए। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के एपीओ को निर्देश दिया कि नामांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने चाहिए।

# बिजली की समस्या को लेकर जेबीवीएनएल महाप्रबंधक से मिले कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खं०), बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद जिले में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं होने से जेबीवीएनएल के परेशान उपभोक्ता को नियमित बिजली आपूर्ति कराने समबन्धी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से चचाएं की। प्रतिनिधि मंडल राजेश्वर सिंह यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, दिनेश यादव मनोज सिंह, मनोज कुमार हाड़ी, पप्पू पासवान, जियाउल हुसैन व सुरज वर्मा शामिल रहे।

# आईजी समेत डीसी - एसएसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों को दी शुभकामनाएं



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
धनबाद (झा०खं०), धनबाद के गोविंदपुर स्थित जैप-3 वाहिनी में संचालित बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के अंतिम चरण की पारण परेड में सलामी के पश्चात बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) डॉ माइकल राज एस निरीक्षण किया। इस दौरान जैप-3 के समदेष्टा (कमांडेंट) हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत जैप-3 के कई पदाधिकारी व जवान भी उपस्थित थे। जैप-3 वाहिनी में शुक्रवार को आयोजित पारण परेड में आईआरबी एवं एसआईआरबी के 82 आरक्षियों ने हिस्सा लिया। जिनमें 30 पुरुष और 52 महिला शामिल रहे। सभी आरक्षियों ने प्रशिक्षण पूरी की। वही आईजी ने सभी आरक्षियों को शुभकामनाएं दी।

# जून जुलाई की राशन उठाव / वितरण को ले डीसी ने की बैठक



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में हुई खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा माह-जून, 2025 एवं जुलाई, 2025 का अग्रिम खाद्यान्न का उठाव एवं डोर स्टेप डिलिवरी की समीक्षा कर निर्देश दिया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित उक्त खाद्यान्न का उठाव एवं डोर स्टेप डिलिवरी 31 मई 2025 तक शत- प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि यदि किसी प्रखण्ड में खाद्यान्न का उठाव एवं डोर स्टेप डिलीवरी शत-प्रतिशत नहीं होने की स्थिति में या किसी जन वितरण प्रणाली विक्रेता को खाद्यान्न प्राप्त नहीं होने पर नियमसंगत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्रखण्ड पाकुड़ के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक एवं डोर स्टेप डिलिवरी को विशेष रुप से निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न उठाव एवं डोर स्टेप डिलीवरी ससमयवधि में ही पूर्ण करे बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, डोर स्टेप डिलीवरी, परिवहन सह हथालन अभिकर्ता, पीईजी, महेशपुर एवं आपूर्ति विभाग के कर्मीगण उपस्थित रहे।

# झामुमो प्रखण्ड समिति की बैठक में धरना प्रदर्शन को ले की चर्चा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के प्रकृति विहार परिसर में झामुमो कार्यकताओं की बैठक प्रखण्ड उपाध्यक्ष कालिदास मुर्मू ने की अध्यक्षता आयोजित हुई। बैठक में चर्चा के उपरांत आगामी 27 मई 2025 मंगलवार को जिला मुख्यालय के समक्ष आयोजित होने जा रही धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकताओं को शामिल होने की विशेष अपील की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड सचिव जहीरुद्दीन मिया ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने बिना सरना कोड/आदिवासी धर्म कोड लागू किये जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है जो कि भाजपा की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। हमारी पार्टी और हमारे नेता श मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हमेशा से आदिवासी हितों व अधिकारों की रक्षा की लड़ाई लड़ी है।

# पुलिस हिरासत में मिराज अंसारी की निधन पर भड़के विजय शंकर नायक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
रांची। पालोजोरी सारठ में पुलिस हिरासत में मिराज अंसारी की असमय मौत होने पर अपनी प्रतिक्रिया में आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि पालोजोरी सारठ में पुलिस हिरासत में क्रूरता से पिटाई के कारण मिराज अंसारी के दोषी हत्यारी पुलिस पर 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर सेवा से बर्खास्त किया जाए। साथ ही मृतक मिराज अंसारी के आश्रित परिवार को एक करोड़ मुआवजा तथा परिवार के सदस्य को नौकरी दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार मे मुस्लिम युवाओ की इरादतन हत्या की घटनाओ मे बेतहाशा वृध्दि हुई है ।इससे पूर्व में भी पीछले सप्ताह में बोकारो नावाडीह में अब्दुल कययुम की पीट- पीट कर हत्या कर दी गई थी जो बहुत चर्चे में रही। अभी कुछ दिन बीते भी नहीं कि पुलिस पालोजोरी सारठ के द्वारा पीट पीट कर हत्या कर देना विधि व्यवस्था एंव कानून राज पर प्रश्न चिन्ह लगाता है जो राज्य के लिए अच्छी बात नही है। अल्पसंख्यक आयोग मृतप्राय हो गया है जो आयोग अल्पसंख्यक समाज की रक्षा करने मे असमर्थ हो, उस आयोग को भंग कर देना चाहिए। जबकि अल्पसंख्यक समाज के दो विधायक मंत्री पद पर विराजमान इरफान अंसारी और हफिजुल हसन उसी क्षेत्र से आते हैं।

# लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, गोड्डा, झारखंड।**
गोड्डा : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को डालसा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में सुलहनीय मामले के निष्पादन को लेकर लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न मामलों से संबंधित 12 वादों का निष्पादन कर 35000 रुपए की राशि का समझौता किया गया। निष्पादित मामले में क्रिमिनल कंपाउंडेबल के मामले, बिजली बिल, पानी बिल, उपभोक्ता वाद से संबंधित मामले, एमएसीटी से संबंधित मामले, मेट्रीमोनियल वाद के मामले, अन्य सिविल वाद, एक्साइज, सर्टिफिकेट आदि मामले शामिल थे। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर छह न्यायिक बेंच का गठन किया गया था।

प्रथम न्यायिक बेंच पर पारिवारिक विवाद, मेट्रीमोनियल वाद एवं 125 सीआरपीसी से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय व चीफ एलएडीसी संजय कुमार सहाय कर रहे थे।

दूसरे न्यायिक बेंच पर एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, रेवेन्यु वाद, श्रम वाद एवं अन्य ट्रिव्यूनल से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। इस बेंच पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार पवन एवं एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह मामले की सुनवाई कर रहे थे। तृतीय न्यायिक बेंच पर बिजली से संबंधित



मामले का निष्पादन किया जा रहा था। इसके लिए द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निरुपम कुमार, एलएडीसी राहुल कुमार सुनवाई कर रहे थे। चौथे न्यायिक बेंच पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट के मामले, सबजज पंचम प्रवीण उरांव एवं एसडीजेएम कोर्ट के मामले की सुनवाई हुई। इस बेंच पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशिभूषण शर्मा एवं एलएडीसी अजीत कुमार मामले की सुनवाई कर रहे थे। पांचवें न्यायिक बेंच पर सबजज प्रथम सह एसीजेएम, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अमित बंसल एवं सबजज तृतीय कोर्ट के मामले की सुनवाई की गई। इस बेंच पर सबजज तृतीय रेमी प्रफुल्ल बा एवं एलएडीसी आयुष राज सुनवाई कर रहे थे।

छठे न्यायिक बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण, खालिद रसीद अली अहमद,सतीश कुमार मुंडा एवं मुक्ति भगत के कोर्ट से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। इस बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी खालिद रसीद अली अहमद एवं एलएडीसी लीली कुमारी सुनवाई कर रहे थे।

# कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर महागामा नपं क्षेत्र में सफाई कार्य प्रारंभ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, गोड्डा**
महागामा : नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के निर्देश पर पर्यवेक्षक मोहम्मद फिरोज अंसारी व दिलदार अंसारी के नेतृत्व में शहर साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। हालांकि सुबह की बारिश के कारण कार्य में थोड़ी बाधा जरूर आई, लेकिन इसके बावजूद जहां-जहां कचरे का डंप बना हुआ है, वहां सबसे पहले कचरा हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस क्रम में



स्वच्छता कार्यों का जायजा लेने विधायक प्रतिनिधि विपिन बिहारी सिंह स्वयं क्षेत्र में पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई को लेकर चल रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि साफ-सफाई को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।यह कार्य जनहित में है और इसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सुचारू रूप से जारी रखा जाए।

# अदाणी फाउंडेशन के समर कैंप में बच्चों ने सीखी रचनात्मकता, स्वच्छता और जल संरक्षण की बातें

## उत्थान कार्यक्रम के तहत छह सरकारी स्कूलों में आयोजित हुआ समर कैंप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा झारखंड**
गोड्डा : अदाणी फाउंडेशन के उत्थान कार्यक्रम के तहत पावर प्लांट के निकट के छह सरकारी स्कूलों समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कक्षा 6 से 8 तक के 500 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ये सभी समर कैंप अदाणी पाव प्लांट के निकट के गांव मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, कौड़ी बहियार, परासी और सोनडीहा के स्कूलों में आयोजित किया गया।

19 से 24 मई 2025 तक आयोजित होने वाले इस कैंप का उद्देश्य बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक और व्यावहारिक बनाना है। हर रोज




सुबह आठ से दस बजे तक चलने वाले इस समर कैंप में बच्चे कई तरह की रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, जिनमें बैज डिजाइन, यूनिफॉर्म सज्जा, स्कूल परिसर की सफाई, बिजली की बुनियादी समझ, जल संरक्षण और मनी मैनेजमेंट शामिल हैं। इन गतिविधियों ने बच्चों में टीमवर्क, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और पर्यावरणीय जागरूकता का विकास किया।

कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में गोड्डा के जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार भी उपस्थिति रहे। उन्होंने शिविर में आए बच्चों को प्रोत्साहित किया और इस तरह के प्रयासों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

अदाणी फाउंडेशन की ओर से समर कैंप का अगला सत्र 30 मई से 4 जून 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों को और भी रोचक जानकारी व गतिविधियां सीखने का नया अनुभव मिलेगा।

# शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू और नशीले पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने विद्यार्थियों और युवाओं को तंबाकू और नशीले पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों से बचाने की दिशा में अहम कदम के अंतर्गत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) से सख्त कार्रवाई करने का आह्वान किया है। जिससे शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिदेर्शों को सख्ती से लागू किया जा सके।

नार्कोसमन्वय केंद्र 8वीं शीर्ष समिति की बैठक के बाद डीओएसईएल के सचिव संजय कुमार द्वारा जारी किया गया। गृह मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में युवाओं को नशीले पदार्थों से बचाने की तत्काल आवश्यकता का उल्लेख किया गया और शिक्षा तथा कानून प्रवर्तन विभागों के बीच समन्वित प्रयासों का आह्वान किया गया।

**सरकार द्वारा उठाए गए कदम**

शिक्षा मंत्रालय इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सक्रिय रूप से तम्बाकू मुक्त



शैक्षणिक संस्थान (टीओएफईआई) दिशानिदेर्शों को लागू कर रहा है। यह स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए एक संरचित दिशानिर्देश प्रदान करता है। डीओएसईएल ने 31 मई 2024 को टीओएफईआई के कार्यान्वयन नियमावली का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य स्कूलों को टीओएफईआई दिशानिदेर्शों का पालन करने में सहायता करना है, जिससे विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ, तम्बाकू मुक्त वातावरण बने। यह नियमावली सभी हितधारकों को उन दिशानिदेर्शों को अपनाने और लागू करने का अधिकार देती है जो विद्यार्थियों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

टीओएफईआई के दिशानिदेर्शों में निम्नलिखित 9 गतिविधियों की सूची दी गई है, जिन्हें स्कूलों और कॉलेजों को अपने परिसर को तंबाकू मुक्त रखने के लिए इनका अनुपालन करना होगा।

1.परिसर के अंदर 'तम्बाकू मुक्त क्षेत्र' का संकेत प्रदर्शित करना।
2.प्रवेश/सीमा पर 'तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' का बोर्ड प्रदर्शित करना।
3.परिसर में तम्बाकू के उपयोग का कोई प्रमाण नहीं।
4.तम्बाकू के नुकसान पर जागरूकता सामग्री का प्रदर्शन।
5.हर छह महीने में कम से कम एक तम्बाकू नियंत्रण गतिविधि का आयोजन करना।
6.तम्बाकू मॉनिटरों को नामांकित करना।
7.स्कूल आचार संहिता में तम्बाकू मुक्त नीति को शामिल करना
8.शैक्षिक संस्थानों के चारों ओर 100 गज की दूरी पर पीली रेखा बनाकर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करना।
9.किसी भी दुकान या विक्रेता द्वारा 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद न बेचने को सुनिश्चित करना।

## गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, शीघ्र करें भुगतान अन्यथा होगी कठोर कार्यवाही




**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो** बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नवाबगंज स्थित ओसवाल शुगर मिल तथा बहेड़ी स्थित केसर शुगर मिल द्वारा किसानों के लम्बित गन्ना मूल्य भुगतान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आप द्वारा किसानों को भुगतान नहीं किया जाता है तो कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, आपको किसानों की समस्याओं को समझने के लिए अपने आपको उनके स्थान पर रख कर सोचना होगा यदि किसानों को उनकी दुख, बीमारी व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भुगतान नहीं मिलेगा तो किसान भाई आपको गन्ना क्यों देंगे और यही कारण है कि केसर शुगर मिल को मात्र 30 प्रतिशत गन्ना प्राप्त हुआ है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान समय से नहीं हो रहा है, जिस कारण किसान गन्ने की खेती से विमुख हो रहे हैं और गन्ने का रकबा लगातार घटता जा रहा है। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि किसानों का 76 प्रतिशत गन्ना भुगतान हो चुका है अवशेष भुगतान होना शेष है, जिस पर केसर शुगर मिल के प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी उत्तराखण्ड में 28 एकड़ भूमि विक्रय किए जाने की बात चल रही है, विक्रय होने पर समस्त गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया जाएगा।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, जिला गन्ना अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे !

## प्रधान न्यायाधीश गवई ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं को ग्रेच्युटी देने में न्यायमूर्ति ओका की भूमिका की सराहना की।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने शुक्रवार को आंगनवाड़ी कार्यकताओं को लेकर दिये गए फैसले के लिए निवर्तमान न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय एस ओका की सराहना की और कहा कि कलम के एक झटके से उन्होंने हजारों लोगों का विश्वास बहाल किया।

न्यायमूर्ति ओका द्वारा लिखे गए फैसले में कहा गया कि



आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के तहत ग्रेच्युटी पाने की हकदार हैं।

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल को आतंकवादी हमलों से पाकिस्तान के संबंधों की जानकारी दी

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** नई दिल्ली । भारत के रुख से अवगत कराने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल, अमेरिका में 9/11 हमले सहित आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के संबंधों को रेखांकित करेंगे और बताएंगे कि हालिया सैन्य संघर्ष पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण शुरू हुआ था, न कि ऑपरेशन सिंदूर के कारण, जैसा कि इस्लामाबाद ने आरोप लगाया है। विदेश सचिव



विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को यहां सात संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार को भारत के संदेश की जानकारी दी। प्रतिनिधियों ने कहा कि वे पहलगाम आतंकवादियों के भारत के साथ संबंधों को रेखांकित करके भारत को सैन्य कार्रवाई की शुरूआत करने वाले के रूप में पेश करने के पाकिस्तानी विमर्श को ध्वस्त करने का प्रयास करेंगे।

## 6 माह पुराने विवाद का ग्राम चौपाल में हुआ निस्तारण

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** बाराबंकी। गांव की समस्याओ को गांवो मे ही निस्तारण के लिए प्रत्येक बुधवार को होने वाली ग्राम चौपाल के क्रम मे ग्राम पंचायत बांसा मे आयोजित चौपाल मे 6 माह पुराने विवाद को मसौली पुलिस ने समझौता कराकर निस्तारण किया।

बुधवार को ग्राम पंचायत बांसा मे आयोजित चौपाल मे वादिनी रेशमा रावत ने अपने ससुर पर आरोप लगाया कि पति सोनू रावत की मृत्यु के बाद घर मे हिस्सा नही दे रहे है ग्राम चौपाल मे मौजूद अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक



सनत मिश्रा, उपनिरीक्षक राजकरन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह यादव ने वादिनी के शिकायती पत्र को संज्ञान मे लेते हुए ससुर महेश प्रसाद रावत पुत्र जगगनाथ को मौके पर बुलाकर वादिनी को हिस्सा दिलाते हुए मामले का निस्तारण किया। बीते 6 माह से न्याय के लिए दौड़ रही रेशमा रावत को ग्राम चौपाल मे न्याय मिलने से खुशी के आंसू झलक आये। विंदेश्वरी पत्नी रामराज ने नाली निकासी की मांग की जिसका मौके पर ही निस्तारण किया गया। साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, नौमीनाथ आरक्षी, नीरज दक्ष अंकित सचान ने महिलाओं को बताया कि छोटी से छोटी वारदात की जानकारी घर और पुलिस को तुरंत करें। कालेज आने के दौरान रास्ते एवं अन्य स्थानों पर किसी व्यक्ति द्वारा शरारती तत्वों की हरकत को पुलिस को दूरभाष के बताए गये नम्बर पर जानकारी दे। जिससे उनपर अंकुश लगाया जा सके।

## उत्कृष्ट बाल वैज्ञानिक पूजा को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** बाराबंकी। परिषदीय विद्यालय से निकलकर बाल वैज्ञानिक बनी पूजा व शिक्षक राजीव श्रीवास्तव को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इन्सपायर अवार्ड मानक योजना 2021 के राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 10 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया गया था। जिसमें अयोध्या मण्डल से बाराबंकी जनपद के



विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा की कक्षा 8 की छात्रा पूजा को अपने नवाचारी मॉडल को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। बाल वैज्ञानिक पूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में पूरे भारतवर्ष से कुल 60 उत्कृष्ट बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद से मेरा चयन हुआ। पूजा ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नवाचारी थ्रेसर-भूसा पृथक्करण मशीन का मॉडल प्रस्तुत किया था। शिक्षक राजीव श्रीवास्तव बताते है कि छात्रा पूजा के नवाचारी मॉडल में गेंहू की मड़ाई के समय थ्रेसर मशीन से निकलने वाले भूसे व भूसे के साथ वातावरण में प्रदूषण के रूप में फैलने वाली धूल को रोकना है। क्योंकि धूल व गन्दगी से उत्तर प्रदेश राज्य की एक बड़ी आबादी अस्थमा जैसी कई बीमारियों का शिकार भी होती हैं। वहीं पूजा की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमार देव पांडेय ने बधाई दी।

## चोरी के 5 लैपटॉप सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कौशांबी/ट्रांस हिंडन-कौशांबी पुलिस द्वारा रियाज पुत्र मेंहदी हसन उम्र 26 वर्ष निवासी खजुरी दिल्ली को चोरी के 5 लैपटॉप सहित एक ऑटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान आनंद विहार बॉर्डर के सामने खंडहर बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त रियाज ने बताया कि मैं और शोएब साथ मिल कर कारों के शीशे तोड़ कर लैपटॉप चुराते है। उन लैपटॉप को प्रवीण नाम व्यक्ति को बेचते है, जिसकी नोएडा में दुकान है। अभियुक्त पर पहले से ही एक मुकदमा थाना कौशांबी एक मुकदमा लूट, थाना इंदिरापुरम एक लूट का मुकदमा, मधु विहार दिल्ली एक चोरी का मुकदमा, मधु विहार दिल्ली एक मुकदमा आर्म्स एक्ट, थाना इंदिरापुरम पर पहले से ही दर्ज है। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## कार्यालय नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी (बागपत)

पत्रांकः- 103/न०प०अनं०/2025-2026 दिनांक 03.06.2025

**ई-टेण्डर/ई-प्रोक्युरमेन्ट सूचना**

नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी द्वारा समस्त ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत अग्रवाल मण्डी टटीरी में 15वें वित्त आयोग/सीवरेज एवं जल निकासी/पं० दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने है। जिसमें दिनांक 04.06.2025 को समय 03:00 बजे तक वेबसाइट https://etander.up.nic.in पर निविदायें शर्तों के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाइट https://etander.up.nic.in पर दिनांक 24.05.2025 से दिनांक 04.06.2025 तक दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगें। सभी निविदादाता दिनांक 04.06.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक वेबसाइट https://etander.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा वर/दरें डाल सकते है। निविदा खोले जाने की दिनांक को कोई अवकाश हो तो निविदायें अगले कार्यदिवस को खोली जायेगीं। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय में देख सकते है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 103/NP/ET/2025-26 |
| Publish Date and time for RFP | 24.05.2025 to 04.06.2025 12:00 PM |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 04.06.2025 03:00 PM |
| Date and time of opening tender | 05.06.2025 04:00 PM |
| Place of opening of E-Tender | Executive Officer, Office Nagar Panchayat Agarwal Mandi Tatiri, Baghpat (U.P) |
| E-Tender document processing | As per tender list |

**मुख्य लिपिक**
**नगर पंचायत अमीनगर**
**सराय जनपद- बागपत।**

**अध्यक्ष पंचायत**
**अमीनगर सराय जनपद**
**बागपत**

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरपीएस मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का किया उद्घाटन

### 100 बेड का अस्पताल जनता की सेवा के लिये बनकर हुआ तैयार।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** बाराबंकी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विकास खंड देवा के बबुरीगांव स्थित आरपीएस मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने अस्पताल के चेयरपर्सन आर पी सिंह को बधाई देते हुए कहा कि इस अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं और उपकरण मरीजों को बेहतर



इलाज प्रदान करेंगे। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है और इस अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान होंगी। अस्पताल के चेयरपर्सन आर पी सिंह ने बताया कि 100 बेड का यह अस्पताल जनता की सेवा के लिये बनकर हुआ तैयार हुआ है क्षेत्र वासियों को इलाज की समुचित सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर अस्पताल के वायस चेयरपर्सन शिवांश प्रताप सिंह, आईआईए मंडल अध्यक्ष अयोध्या प्रमित कुमार सिंह,आईआईए मंडल अध्यक्ष देवीपाटन अलकेश सोती, विजय सिंह सोलंकी, प्रिंस सिंह सहित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी सहित सम्बंधित लोग उपस्थित रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक) 8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक) 8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।